

MPHIN/2021/83938

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः4 : अंकः 26 | ग्वालियर, मंगलवार 8 अक्टूबर 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### मुख्तार अंसारी के वकील पर दबंगों ने किया हमला, गाड़ी हटाने को लेकर बढ़ा था विवाद



**नई दिल्ली।** गाज़ीपुर में बीते दिन यानी 6 अक्टूबर को मुख्तार अंसारी के वकील और सिविल बार के पूर्व उपाध्यक्ष लियाकत अली पर कुछ लोगों ने हमला बोल दिया है। वकील के साथ झड़प और हाथापाई का वीडियो लियाकत अली के घर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। घटना के बाद लियाकत अली ने हमला करने वाले सत्यप्रकाश यादव और उसकी गैंग के खिलाफ तहरीर भी दी है। यह घटना गाजीपुर शहर कोतवाली क्षेत्र के शिवपुरी कॉलोनी में 6 अक्टूबर को दोपहर 2.30 के आसपास घटी। जानकारी के मुताबिक, लियाकत अली का बेटा घर के बाहर खड़ी गाड़ी से कुछ सामान निकाल रहा था। तभी पड़ोसी आए और गाड़ी हटाने की बात कहने लगे। जिसे लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई और कहासुनी ने विवाद का रूप ले लिया। जिसे लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता लियाकत अली ने अपने और अपने बेटे के ऊपर हमले को लेकर शिकायत थाना कोतवाली में लिखित तहरीर दी है। एडवोकेट लियाकत अली ने पड़ोसी सत्यप्रकाश यादव और उनके सहयोगियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनका बेटा जो पेशे से वकील है, वह घर के बाहर खड़ी गाड़ी में से सामान निकाल रहा था। तभी पड़ोस के कुछ लोग आए और कहने लगे गाड़ी हटाओ, हमें जाना है, तो मेरे बेटे ने कहा कि सामान हटाकर 2 मिनट में हटा दे रहे हैं। इतने में वह गुस्सा होकर चला गया और उधर से 8-10 लोगों के साथ वापस आया और गाली गलौज करने लगा। आवाज सुनकर मैं भी बाहर गया तो उन लोगों ने मुझसे भी हाथापाई और मारपीट शुरू कर दी, सारी घटना सीसीटीवी में दर्ज हो गई है।उन्होंने आगे बताया कि मैंने 112 नंबर पर डायल किया और बात न होने की दशा में फिर कोतवाल गाजीपुर के सीयूजी नंबर पर कॉल करके उनसे शिकायत की और लिखित तहरीर भी दिया है। घटना के सबूत का सीसीटीवी फुटेज भी मेरे पास मौजूद है, जिसे मौके पर जांच के लिए आए सिपाहियों ने देखा भी है, लेकिन अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। मैं चाहता हूं कि जो आरोपी है सत्य प्रकाश यादव वह यहां पर अपने जीजा के मकान में इसी कॉलोनी में रहता है और वह गिरोहबंद टाइप के लोग हैं, उनके ऊपर सख्त कानूनी कार्रवाई हो।

### पार्क में पेशाब करने से रोका था रामफल, आर्यन ने अगले दिन डंडे से पीटकर लिया बदला



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में एक व्यक्ति को सिर्फ इसलिए डंडे से पीटा गया, क्योंकि वह पार्क को साफ रखना चाहता था। पीड़ित ने आरोपी को पार्क में पेशाब करने से मना किया था। इससे नाराज आरोपी आर्यन अगले दिन अपने दोस्तों के साथ पीड़ित के पास पहुंचा और उसको जमकर पीटा। इसके बाद बाइक में बैठकर चला गया। घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया। हालांकि, बाद में उसे जमानत दे दी गई। मामला नॉर्थ वेस्ट दिल्ली के मॉडल टाउन इलाके का है। यहां शुक्रवार दोपहर फुटपाथ पर भगवा रंग की चादर ओड़कर सो रहे शख्स पर एक युवक डंडे से ताबड़तोड़ हमला करना शुरू कर दिया। जब पीड़ित उठकर बैठ गया तब भी हमलावर उस पर डंडों से हमला करता रहा और मारपीट के बाद फरार हो गया। सीसीटीवी देखने के बाद पुलिस ने मामले की जांच की तो पता चला कि डंडे से पिटाई करने वाले युवक का नाम आर्यन है। वह इसी इलाके में एक बुजुर्ग के यहां नौकर का काम करता है। गुरुवार को आर्यन पार्क के पास खुले में पेशाब कर रहा था, जिसको लेकर पास की टेंट की दुकान पर काम करने वाले रामफल ने उसे टोक दिया। इसके बाद दोनों के बीच कहासुनी हुई। इस समय तो आर्यन वहां से चला गया, लेकिन अगले दिन पूरी तैयारी के साथ लौटा। शुक्रवार को आर्यन अपने दो दोस्तों के साथ एक बाइक में आया और साथ में डंडा लेकर आया था। वह फुटपाथ पर सो रहे रामफल के पास पहुंचा। उसकी चादर हटाकर देखा कि वह रामफल ही है या कोई और, जब उसने देखा कि फुटपाथ पर रामफल ही सो रहा है तो डंडे से उसे पीटने लगा। इस बीच रामफल उठकर बैठ गया, लेकिन आर्यन उसे पीटता रहा। जब उसका मन भर गया तो वह अपने दोस्तों के पास पहुंचा, जो गाड़ी चालू करके खड़े थे और उसका इंतजार कर रहे थे। इसके बाद आर्यन बाइक में बैठकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी आर्यन के खिलाफ मारपीट और झगड़े की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और उसे गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि, जिन धाराओं में आर्यन की गिरफ्तारी हुई है, उनमें आरोपी को जमानत दी जा सकती है। इस वजह से उसे जमानत दे दी गई है।

# चंपई सोरेन को मिली अस्पताल से छुट्टी पीएम मोदी ने भी फोन कर के जाना हाल

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता चंपई सोरेन स्वास्थ्य संबंधी कारणों से अस्पताल में भर्ती थे। अब उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। उन्हें ब्लड शुगर की से जुड़ी समस्याओं के कारण शनिवार की रात को जमशेदपुर के टाटा मेन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी चंपई सोरेन को फोन कर के उनके स्वास्थ्य का हाल जाना है। चंपई सोरेन के एक सहयोगी ने जानकारी दी है कि पीएम मोदी ने सुबह चंपई सोरेन को फोन किया है और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली है। पीएम मोदी ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। चंपई सोरेन के बीते शनिवार को ब्लड शुगर लेवल में गिरावट के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जानकारी के मुताबिक, चंपई ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा था कि वह काफी बेहतर महसूस कर रहे हैं और जल्द ही अस्पताल से छुट्टी मिलने की उम्मीद कर रहे हैं। अब चंपई ने जानकारी दी है कि ईश्वर





तथा पुरखों की कृपा, डॉक्टरों के अथक प्रयास और आप सभी की प्रार्थना एवं आशीर्वाद से मुझे अस्पताल से छुट्टी मिल गई है।

बीते अगस्त महीने में चंपई सोरेन ने अनादर और अपमान का आरोप लगाते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा से इस्तीफा दे दिया था और भाजपा में शामिल हो गए थे। मनी लॉन्ड्रिंग केस में हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद चंपई सोरेन को दो फरवरी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया था। हालांकि, हेमंत के जमानत पर जेल से वापस आते ही चंपई को सीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा था। अस्पताल से छूटते ही चंपई सोरेन ने एक बार फिर से राजनीतिक सभा शुरू कर दी है। उन्होंने जामताड़ा में मांझी परगना महासम्मेलन में भाग लिया है। उन्होंने लोगों से आदिवासी अस्मिता एवं आत्मसम्मान के जन-आंदोलन का हिस्सा बनने की अपील की है। बता दें कि इस साल के आखिर में झारखंड में विधानसभा चुनाव का आयोजन किया जाना है।

## फाल्गुनी नदी में पूर्व विधायक के व्यापारी भाई की मिली लाश, लगातार ब्लैकमेलिंग से थे परेशान

कर्नाटक के मंजलुरु जिले में पूर्व एमएलए के व्यापारी भाई मुमताज अली की लाश आज पुलिस ने बरामद कर ली है। पुलिस ने मुमताज अली का शव फाल्गुनी नदी से बरामद किया है। बीते दिन मुमताज अली की कार कुलूर ब्रिज के पास बरामद की गई थी। जिसके बाद पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया था। मुमताज अली पूर्व ख्र मोहिउद्दीन बावा के भाई थे। पुलिस इस मामले को लेकर जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, पूर्व ख्र मोहिउद्दीन बावा के भाई मुमताज अली के शव को आज फाल्गुनी नदी से बरामद कर लिया गया। मुमताज अली जिले के नामी बि?नेसमैन थे और मुस्लिम शिक्षण संस्थान चला रहे थे। पुलिस इस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है। स्थानीय मछुआरों, स्ठ्रन्न और ह्ठ्रन्न की मदद से उनके शव को ढूंढने का काम शुरू हुआ और आज सुबह मछुआरों को उनका शव मिल गया।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक, मुमताज रविवार को करीबन 3 बजे अपने घर से निकले थे, लेकिन वह वापस नहीं लौटे। शाम 5 बजे के आसपास, उनकी कार कुलूर पुल के पास मिली। इसके बाद उसके बाद उनकी बेटी ने






स्थानीय पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आशंका जताई कि शायद उन्होंने पुल से छलांग लगा दी है। वहीं, कार में दुर्घटना के निशान दिखाई दिए थे, जिससे यह शक और गहरा हो गया था। हालांकि पुलिस अन्य पहलुओं को भी ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पुलिस की अब तक की जांच, मुमताज अली की मौत हनीट्रैप की ओर इशारा कर रही है, पुलिस के मुताबिक परिवार को संदेह है कि कुछ व्यक्तियों के समूह ने उन्हें लगातार ब्लैकमेल किया, धमकी दी और उत्पीड़न किया जिसके कारण उन्हें आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ा। परिवार के मुताबिक, जुलाई 2024 से इन व्यक्तियों ने उनसे 50 लाख से अधिक की जबरन वसूली की, साथ ही और पैसा न दिए जाने पर और अधिक नुकसान पहुँचाने की धमकी भी दी। पुलिस की अब तक की जांच में यह भी पता चला है कि रहमत नाम की महिला ने मुमताज अली को हनीट्रैप में फंसाकर उनके साथ अवैध संबंध बनाए, फिर उन्हें ब्लैकमेल किया। 6 अक्टूबर, 2024 की सुबह 3 बजे अपने लापता होने से पहले, मुमताज अली ने एक वॉयस मैसेज रिकॉर्ड किया था जिसमें कहा गया था कि कुछ लोगों ने उन्हें इस हताशाजनक कदम उठाने के लिए मजबूर किया। यह वॉयस मैसेज कई परिवार के सदस्यों और दोस्तों को भेजा गया था। पुलिस ने परिवार की ओर से दी गई शिकायत पर मुख्य महिला आरोपी रहमत, और उसके साथियों अब्दुल सत्तार, शफी, मुस्तफा,शोएब और सिराज के खिलाफ ख्नक्क्र दर्ज कर ली है।

## साजिश या शरारत! बीकानेर में रेलवे ट्रैक की फिश प्लेट खोलने का मामला आया सामने



बीकानेर। राजस्थान के बीकानेर जिले में बड़ा रेलवे हादसा होते-होते रह गया। दरअसल, यहां कुछ लोगों ने रेलवे ट्रैक की फिश प्लेट ही खोल दी। हालांकि इसी दौरान स्थानीय लोगों ने उन्हें रेलवे ट्रैक की फिश प्लेट खोलते हुए देख लिया और शोर मचाने लगे। स्थानीय लोगों का शोर सुनकर बदमाश मौके से भाग गए। इसके बाद रेलवे के अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। रेलवे के कर्मियों ने मौके पर जाकर दोबारा फिश प्लेट के नट को कस दिया। वहीं रेलवे के अधिकारियों ने इस घटना में किसी साजिश से इनकार किया है। रेलवे ने कहा कि ये आस-पास के नशेड़ियों ने किया है। दरअसल, पूरा मामला बीकानेर के शहरी क्षेत्र में चौखूंटी ओवरब्रिज के नीचे का है। यहां कुछ युवक रेल पटरी की फिश प्लेट खोल रहे थे। इस दौरान बगल से गुजर रहे कुछ स्थानियों लोगों ने उन्हें देख लिया। स्थानीय लोगों ने शोर मचाया तो फिश प्लेट खोल रहे युवक वहां से भाग निकले। वहां जाकर देखा गया तो रेलवे ट्रैक की फिश प्लेट खुली हुई मिली। स्थानीय लोगों ने रेलवे के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद रेलवे के वर्कशॉप से कुछ कर्मी वहां गए और उन्होंने रेलवे ट्रैक के फिश प्लेट के नट को फिर से कस दिया। वहीं पूरी घटना के बारे में रेलवे के अधिकारियों और आरपीएफ को भी सूचना दी गई। फिलहाल रेलवे ने इस घटना में किसी साजिश के होने से इनकार कर दिया है। रेलवे ने कहा कि ये आस-पास के नशेड़ियों की करतूत है। फिलहाल अभी तक रेलवे ट्रैक का फिश प्लेट खोलने वाले दोनों युवकों का पता नहीं चल सका है। दोनों की तलाश की जा रही है। गनीमत ये रही कि जिस वक्त यह फिश प्लेट खोली गई थी, उस वक्त इस ट्रैक से कोई ट्रेन नहीं गुजरी, नहीं तो एक बड़ा हादसा हो सकता था।

### उत्तर प्रदेशसपा विधायक जाहिद और बेटा जईम जेल में

नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के विधायक जाहिद बेग की पत्नी को उत्तर प्रदेश पुलिस तलाश रही है। दो मामलों में जाहिद बेग की पत्नी सीमा बेग को पुलिस तलाश रही है। फरार सीमा के नहीं मिलने पर जाहिद बेग के घर पर नोटिस भी चिपका दिया गया है। सपा विधायक जाहिद बेग के भदोही स्थित आवास पर पुलिस ने नोटिस चस्पा किया है। डुगडुगी बजाकर पुलिस ने नोटिस लगाया। सपा विधायक की पत्नी सीमा बेग दो मुकदमे में फरार चल रही हैं। सीमा बेग के हाजिर ना होने पर धारा 84 तहत नोटिस चस्पा किया गया है। विधायक जाहिद बेग उनकी पत्नी और बेटे पर काम करने वाली लड़कियों को प्रताड़ति करने और नौकरानी को आत्महत्या के लिए उकसाने और बच्चों की तस्करी के मुकदमे दर्ज हैं। इस मामले में विधायक की पत्नी सीमा बेग पिछले 20 दिनों से फरार चल रही हैं। जबकि विधायक जाहिद बेग नैनी जेल, तो आरोपी बेटा जईम वाराणसी जिला जेल में बंद हैं। रविवार शाम यूपी पुलिस ने जाहिद बेग के भदोही वाले घर पर धारा-84 बी.एन.एस. का नोटिस चस्पा कर दिया है। नोटिस में कहा गया है कि अगर सीमा न्यायालय के सामने हाजिर नहीं होती हैं तो नियमानुसार संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

## 38 लाख रुपये, एक घर और पांच बीघा जमीन अमेठी हत्याकांड के पीड़ितों को क्या-क्या मिला



उत्तर प्रदेश के अमेठी में शिक्षक के परिवार की हत्या के बाद आश्रितों को यूपी सरकार ने 38 लाख रुपये का मुआवजा दिया है। इनमें से पांच लाख रुपये नगद दिए गए हैं। वहीं, 33 लाख रुपये का चेक दिया गया है। इसके अलावा रहने के लिए मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत एक घर और पांच बीघा जमीन देने की बात कही गई है। इसके साथ ही अधिकारियों ने उन्हें न्याय दिलाने की बात भी कही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद पीड़ित परिवार से मुलाकात की थी और अब उनकी मदद के लिए सरकार ने हर संभव प्रयास किए हैं। अमेठी में एक शिक्षक सुनील कुमार के साथ उसकी पत्नी पूनम और दोनों बेटियों (दृष्टि और सूनी) की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद मामले ने बहुत तूल पकड़ा था। विपक्ष ने राज्य में कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए थे। हालांकि, पुलिस ने जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया और मामले की जांच जारी है। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी चंदन और मृतक शिक्षक की पत्नी पूनम के बीच अवैध संबंध थे। पिछले डेढ़ साल से दोनों का यह रिश्ता था, लेकिन कुछ दिन पहले ही पूनम ने आरोपी से दूरी बना ली थी। रिश्तों में खटास आने के बाद मृतक पूनम ने 18 अगस्त को आरोपी चंदन वर्मा के खिलाफ व छेड़खानी का मुकदमा दर्ज करा दिया। जिसके बाद आरोपी चंदन वर्मा जेल भी गया था। आरोपी चंदन ने व्हाट्सअप स्टेटस लगाया था और इंग्लिश में लिखा था- 5 इसके बाद ही उसने हत्या की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने पांच लोगों की मौत का दावा किया था। इसमें चार लोग वही थे, जिनकी उसने हत्या की और पांचवां वह खुद था। हालांकि, चार लोगों की हत्या करने के बाद उसने जब सुसाइड करने की कोशिश की तो गोली उसे नहीं लगी और इसके साथ ही गोलियां खत्म हो गईं। इस वजह से वह सुसाइड नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने उसे भागते हुए पैर में गोली मारकर पकड़ लिया।

# आज फिर अपने तोता मैना को खुला छोड़ दिया आखिर किसे मनीष सिसोदिया ने कही ये बात

आम आदमी पार्टी के सांसद संजीव अरोड़ा के घर पर आज सुबह-सुबह ईडी ने छापा मारा है। दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने खुद इस बात की जानकारी दी है। जानकारी दे दें कि संजीव अरोड़ा पंजाब से आप के राज्यसभा सांसद हैं। मनीष सिसोदिया ने एक ट्वीट कर केंद्र पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि आज सुबह से आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसद संजीव अरोड़ा जी के घर श्च्रष्ठ वाले रेड कर रहे है। प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंजाब के जालंधर में आप सांसद संजीव अरोड़ा के आवास पर छापेमारी की है। संजीव अरोड़ा का निजी कारोबार है, साथ ही ये पंजाब से राज्यसभा के सांसद भी हैं। आरोप है कि संजीव अरोड़ा ने धोखाधड़ी के जरिए जमीन अपनी कंपनी के नाम कर ली। ईडी की टीमें जालंधर में संजीव अरोड़ा के एक पते पर छापेमारी कर रही हैं।



मनीष सिसोदिया ने ट्विट में लिखा, आज फिर मोदीजी ने अपने तोता मैना को खुला छोड़ दिया है। आज सुबह से आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसद संजीव अरोड़ा जी के घर श्च्रष्ठ वाले रेड कर रहे है। पिछले दो सालों मैं इन्होंने अरविंद केजरीवाल के घर रेड कर लिया, मेरे घर रेड कर दिया, संजय सिंह के घर रेड दिया, सत्येंद्र जैन के घर रेड कर दिया... कहीं भी कुछ भी नहीं मिला। लेकिन पूरी शिद्दत से मोदीजी की एजेंसियाँ लगी हुई है एक के बाद एक फ़र्ज़ी केस बनाने मैं। आम आदमी पार्टी को तोड़ने के लिए यह लोग किसी भी हद तक जाएँगे। लेकिन कोशिश कितनी भी कर ले, आम आदमी पार्टी वाले ना रुकेंगे, ना बिकेंगे, ना डरेंगे। इसके अलावा सांसद संजय सिंह ने भी जानकारी देते हुए लिखा,÷एक और सुबह, एक और रेड। आप सांसद संजीव अरोड़ा के घर श्च्रष्ठ वाले पहुँचे है। मोदीजी की फ़र्ज़ी केस बनाने वाली मशीन 24 घंटे आम आदमी पार्टी के पीछे पड़ी हुई है। स्ट ने भी कई बार इनको लताड़ा की झूठे केस बनवाना बंद करो, लेकिन फिर भी श्च्रष्ठ को समझ नहीं आ रहा। ये एजेंसियों कोर्ट को नही मानती, सिर्फ़ अपने आका की मानती है, लेकिन मोदी जी का अहंकार आम आदमी पार्टी के नेताओं के हौसलों के सामने बिल्कुल फेल है। फ़र्ज़ी केस और रेड वाले हथकंडों से आप एक कट्टर ईमानदार पार्टी को तोड़ नहीं सकते मोदी जी।

# भिण्ड पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## गुम हुये 51 लाख रुपये के 221 मोबाइलों को खोजकर किया मालिकों को सुपुर्द, जिले के थानों में सबसे ज्यादा मोबाइलों को देहात थाना ज्ञानेंद्र मिश्रा ने खोजा






**उमाकान्त शर्मा**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। पुलिस अधीक्षक डॉ.असित यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक को लगातार गुम हुए मोबाईलो के आवेदन प्राप्त हो रहे थे जिस पर पुलिस अधीक्षक के द्वारा भिण्ड जिले के सभी थानों को ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल के माध्यम से मोबाईल ट्रैस कर थाना स्तर पर एवं सायबर सेल टीम को शीघ्र बरामद करने को निर्देशित किया गया था जिस पर डीएसपी दीपक तोमर एवं नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार उईके के मार्गदर्शन में सायबर सेल टीम एवं जिले के सभी थानों की टीम के द्वारा गुम हुए कई कंपनियों के 221 मोबाइलो को खोजा गया जिसपर पुलिस अधिक्षक के द्वारा प्रेस वार्ता करके जानकारी दी एवं मोबाइल मालिकों को सौंप दिए गए मोबाइल पाकर लोगो ने भिण्ड पुलिस का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया जिसमे मोबाइल खोजने की सबसे पहली प्राथमिकता देहात थाना के कंप्यूटर ऑपरेटर ज्ञानेंद्र मिश्रा की रही जिन्होंने जिले के सभी थानों से ज्यादा मोबाइलों को खोजा।

जिले के सभी थानों से 221 मोबाइलों को खोजा गया था जिसमे 76 मोबाइल देहात ज्ञानेंद्र मिश्रा के द्वारा खोजे गए। सभी मोबाइलों की कीमत 51, लाख रुपये बताई गई हैं जिनको जिला भिण्ड , (उ0प्र0, गुजरात, दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट, झारखण्ड, केरल, अराम, छत्तीसगढ) जैसे कई राज्यों से बरामद किए गए जोकि भारतीय सेना, होमगार्ड, पुलिस में तैनात जवानों के साथ-साथ भूतपूर्व सैनिकों, माली, खिलाडी, स्टूडेन्ट, ग्रहणी महिला, अध्यापक, पत्रकार एवं अन्य लोगो के थे। इनमे से कुछ आवेदक वैसे भी थे।जिन्होंने मोबाईल खोने के बाद मोबाइलो को अभी तक खरीद ही नही पाया मोबाइल पाकर लोगो में खुशी छा गई एवं फूल माला लेकर पुलिस का सम्मान करने कंट्रोल रूम पहुंचे और पुलिस का सम्मान किया साथ ही मोबाईल पाकर पुलिस एवं पुलिस अधिकारियों का धन्यवाद किया गया।

**सराहनीय भूमिका**-सायवर सेल टीम प्रभारी सत्यवीर सिहं, प्रआर.प्रमोद पाराशर, प्रआर.महेश कुमार, प्रआर.सतेन्द्र यादव, आर.आनन्द दीक्षित, आर.राहुल यादव, आर.हरपाल, आर.पवन यादव । थाना स्तर पर कार्यरत टीम आर.ज्ञानेन्द्र मिश्रा थाना देहात, आर.सर्वेश तोमर थाना गोहद चौराहा, आर.विवेक करन थाना सिटीकोतवाली,आर.मोनू किरार थाना मौ,आर.पदम सिंह रावत थाना मेहगावं, की महत्व पूर्ण भूमिका रही।

## लघु कथा नामंजूरी

एक वित्तीय संस्थान से सेवा निवृत्त 65 वर्षीय विधुर है चिन्ता मन जिसकी पत्नी का लगभग तीन साल पहले छोटी सी बीमारी के बाद निधन हो गया था। पेंशन इतनी मिलती है कि परिवार में कोई कुछ न करे तो भी गुजारा हो सकता है। हालाँकि अब घर में कोई बचा ही नहीं। तीनों बच्चे पढ़ लिखकर बहुराष्ट्रीय कंपनियों में नौकरी करने लगे हैं। तीनोँ के परिवार उनकी माँ के जीवित रहते बस गए थे । तीनों की पोस्टिंग देश के अलग अलग तीन महानगरों मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में है। अब चिंतामन साल में लगभग आठ माह का समय अपने बच्चों के पास जाकर गुजारता है और बरसात में चार माह अपने घर आकर एकांतवास करता है। पान /गुटका खाने या धूम्रपान करने का उसे कोई शौक नहीं है। चाय वह पीता नहीं क्योंकि इस से उसके पेट में दर्द रहता है। रोज जिम जाता है मगर दूध नहीं पीता। दूध न पीने से कैल्शियम की कमी और हड्डियों के कमजोर होने को स्वीकारता है मगर दूध पर होने वाले खर्च को बचाकर प्रसन्नता का अनुभव करता है। किसी के घर आने जाने या उसे घर पर बुलाने को गलत समझता है चिंतामन। जिन के घर से घर लगे हैं उन पड़ोसियों से भी संवाद हीनता की स्थिति है। शायद उनसे बोलने- बतियाने में उसे शब्दों की फ़िज़ूल खर्ची लगती है। एक अकेला व्यक्ति जिसका टिफिन भी रियायती मूल्य पर बाहर से आता है उसे घर पर क्या काम रखा । फिर भी वह अपने आप को उतना है व्यस्त प्रदर्शित करता है जितना तब था जब नौकरी थी, बच्चे छोटे थे और माँ- बाप भी जीवित थे। दुनिया के तमाम फुर्सत में रह कर भी समय के अभाव का रोना रोने वालों में से एक है चिंतामन। कोई उसे किसी भी प्रकार का खर्च करते हुए देखने का सौभाग्य नहीं पा पाया। उसके शहर से उन तीनों महा नगरों के लिए वायुयान की सेवाएं हैं जहाँ -

जहाँ उसके बच्चे हैं। हवाई यात्रा का खर्च उठा पाने में वह सक्षम है मगर ट्रेन के अनारक्षित डिब्बे में ही सफ़र करता है। ऐसा करने में भले ही घँटों में तय होने वाला सफ़र दिनों में हो फिर भी वह समय की कीमत पर बहुत सारा पैसा बचा लेता है। हालांकि कभी मौका आये तो प्रचार वह यही करता है कि वह पैसे को अधिक महत्व नहीं देता। चिन्तामन ने एक शुभचिंतक बेफिक्र जी ने सोचा कि क्यों न उसका अकेलापन दूर किया जाए.उन्होंने उसे एक ऐसे संगठन से जोड़ना चाहा जिसमें व्यस्त रहने के अवसर ही अवसर हैं.वार्षिक शुल्क भी लगभग नाम मात्र का है.समय भी महीने में एकाध बार देना पड़ता है.चिन्तामन ने उसकी बात ध्यान से सुनी और कहा सौ- पचास रुपए की कोई बात नहीं मगर उसके पास समय की इतनी कमी है कि वह समय नहीं निकाल पायेगा. बेफिक्र अली उसकी नामंजूरि से मायूस होकर अपने घर लौट गये.

**-वीरेंद्र प्रधान**
**(कवि, साहित्यकार)**




## ईपीएफ घोटाला करने वाले निकाय के अधिकारियों पर की जाए वैधानिक कार्यवाही: एडवोकेट गुड्डू वाल्मीकि

## समस्यायों का निराकरण नहीं हुआ तो दीपावली से पहले करेंगे जन आंदोलन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोहद । राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गुडडू वाल्मीकि ने नगरपालिका गोहद के प्रवास पर सफाई कर्मचारियों की बैठक कर समस्यायों को सुना एवं समस्यायों का निराकरण के लिए सीएमओ प्रीतम मांझी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से एडवोकेट श्री वाल्मीकि ने बताया है कि नगरपालिका गोहद में सफाई कर्मचारियों विगत 3 वर्षों से ईपीएफ की राशि जमा नहीं की गयी है जो कि कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952 में दिए प्रावधानों का उल्लंघन है तथा अपराध की श्रेणी में आता है जब अस्थाई सफाई कर्मचारी ईपीएफ कटौत्रा की मांग करते हैं तो निकाय अधिकारी उन्हें नोटिस देकर हटवाने की धमकी देते हैं इसके अलावा सफाई कर्मचारीयों को विगत 3 वर्ष ठंडी गर्म वर्दी, साबुन , झाडू अन्य सामग्री का वितरण नहीं किया गया जबकि निकाय द्वारा इन उपकरणों को वितरण करने का लाखों रूपए का भुगतान किया जाता है, दैनिक वेतन भोगी सफाई कर्मचारीयों को स्थाई कर्मी योजना के तहत विनियमितिकरण का लाभ नहीं दिया गया है, सेवानिवृत्त सफाई कर्मचारियों को पेंशन, ग्रेच्युटी, बीमा, जीपीएफ आदि प्रकरण का निराकरण नहीं किया जा रहा है जो कि सफाई कर्मचारियों का आर्थिक व मानसिक शोषण है जिसे यूनियन द्वारा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समस्यायों का निराकरण नहीं होने पर दीपावली त्यौहार के पूर्व जन आंदोलन करने चेतावनी दी है। इस मौके पर चंदू, रामप्रकाश, केशव, जीतू, कल्लू, कैलाश विजय, आदि सफाई कर्मचारी मजदूर रहे।

## स्वच्छता योद्धाओं के सम्मान के साथ स्वच्छता पखबाड़े का हुआ समापन

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। शासकीय कमला राजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय ग्वालियर मे उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाये गये स्वच्छता ही सेवा पखवाडा 2024 कार्यक्रम का समापन संपन्न हुआ।साथ ही रानी दुर्गावती पंचशती जन्म समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम श्रीमती मीना सचान,अध्यक्ष जन भागीदारी समिति के मुख्य आतिथ्य में तथा महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डॉ जयश्री चौहान की अध्यक्षता संपन्न हुआ।कार्यक्रम में अरविंद रघुवंशी जनभागीदारी सदस्य उपस्थित रहे। स्वच्छता पखवाडा अंतर्गत हुई निबंध लेखन,चित्रकला,प्रश्नोत्तरी,काव्यपाठ,प्रतयोगिताए और रानी दुर्गावती पंचशती जन्म समारोह अंतर्गत हुई भाषण,निबंध लेखन,प्रश्नमंच प्रतियोगिताओ के विजेताओको गोल्ड,सिल्वर,ब्रांज मेडल और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया साथ ही महाविद्यालय को नियमित रुप से साफ तथा स्वच्छ रखने में हमेशा अग्रसर रहने वाले महाविद्यालय के स्वच्छता योद्धा एवम सफाई कर्मचारी लक्ष्मण,सतीश करोसिया,आकाश खरे,गीता बाई,कल्पना खरे,सुनीता नरवारे,व्हिजिना करोसिया इन्हे शॉल एवं प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।मीना सचान ने अपने वक्तव्य मे स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वयं सेविकाओको स्वच्छता प्रति जागरूक किया और स्वच्छता को अपनी आदत और संस्कार मे शामिल करने के




लिए कहा।अरविंद रघुवंशी द्वारा स्वच्छता अभियान और प्लास्टिक मुक्त अभियान को निरंतर रखने के लिए प्रेरित किया गया।प्रभारी प्रचार्य जयश्री चौहान द्वारा रासेयो के स्वयंसेविकाओ द्वारा किये गए स्वच्छता कार्य को सराहा गया।कार्यक्रम मे राष्टीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ कृष्णा सिंह, डॉ मीना श्रीवास्तव,डॉ संगीता सोमवंशी के मार्गदर्शन मे हुआ।कार्यक्रम में महाविद्यालय का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा।कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ कृष्णा सिंह तथा आभार डॉ हरीश अग्रवाल द्वारा किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्राओ की भूमिका महत्त्वपूर्ण रही।

## नवरात्रि में भक्तजनों ने मातारानी का लक्ष्मी नगर में सजाया भव्य दरबार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । नवरात्रि के पावन अवसर पर जिले के देवी मंदिर सजे हुए हैं,तो वहीं जगह जगह मां की प्रतिमाएं विराजमान की गई हैं। मंदिरों एवं पंडालों में आरती,हवन, पूजन एवं भजन,कीर्तन,प्रसाद वितरण,रात्रि जागरण आदि कार्यक्रमो के आयोजन किये जा रहे हैं। नवरात्र के पावन अवसर पर भिंड के लक्ष्मी नगर ( वाटर वर्क्स) में भी भक्तजनों द्वारा भव्य दरबार



सजाया गया है। पुजारी पंडित श्यामकिशोर दीक्षित मन्नू ने बताया कि मातारानी की प्रतिमा की प्रतिदिन पूजा अर्चना की जा रही है,नौ दिन तक पूजा अर्चना के बाद प्रतिमा का विसर्जन किये जाने के बाद भक्तजनों द्वारा भंडारा कराया जाएगा । कार्यक्रम के मुख्य आयोजक मुन्ना सिंह भदौरिया,गोलू सिंह तोमर,सजल मिश्रा,हर्ष सिंह भदौरिया उर्फ बल्ला,छोटू भदौरिया,गुड्डू चौहान,रामनिवास श्रीवास्तव,कुन्नू सिंह राजावत,जतिन सिंह नरवरिया,राज शर्मा,अन्नू शर्मा,हनी चौहान,कृष्णा चौहान,वेदांशु त्रिपाठी (यशबाबू ) एवं समस्त मोहल्लावासी ।

## रोटरी क्लब खरगोन ने कराया तिथि भोज

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

दिनांक 7.10.2024 को रोटरी क्लब खरगोन ने शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 10 के 80 से अधिक बच्चों को तिथि भोजन



कराया। जिसमें नमकीन, मिठाई,फल फ्रूट आदि का स्वल्पाहार विद्यार्थियों के साथ उपस्थित कार्यकर्ता एवं पूरे स्टाफ को कराया गया। मध्य प्रदेश शासन की महत्वपूर्ण योजना है। जिसके अंतर्गत स्थानीय सामाजिक संगठनों के माध्यम से शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को तिथि भोज कराया जाए जिसके तहत प्रतिमाह विद्यार्थियों को भोज कराया जाता है। जिसके तहत आज रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन बसंत अग्रवाल , अध्यक्ष संजय चक्करवार, लवेश राठौर आदि ने उपस्थित होकर प्रेम पूर्वक बच्चों को तिथि भोज कराया। लवेश राठौर ने बच्चों को विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करते हुए इंस्पायर अवार्ड के लिए प्रेरित किया। अध्यक्ष संजय चक्करवार जी ने कहा कि आप मन लगाकर पढ़ाई करें यदि किसी भी प्रकार की परेशानी आती है तो हम उसे दूर करेंगे। डिस्ट्रिक्ट चेयर मैन बसंत अग्रवाल ने कहां की समय का बड़ा महत्व होता है और जो लक्ष्य को निश्चित करके कार्य करता है उसे निश्चित ही सफलता प्राप्त होती है कार्यक्रम का संचालन श्रीमती क्षमा मिश्रा ने किया। ज्ञात हो की रोटरी क्लब के माध्यम से इस स्कूल में 10 पंखे ,कंप्यूटर, प्रोजेक्टर, विद्यार्थियों के बैठने के लिए फर्नीचर, म्यूजिक सिस्टम, पानी की मोटर, फिसल पट्टी, झूले एवं अन्य कई महत्वपूर्ण सामग्रियां भेंट करी है। वर्तमान में रोटरी के लिट्रेशी प्रोजेक्ट के उद्देश्य अनुसार इस शासकीय स्कूल को 100त्न हैप्पी स्कूल में परिवर्तन कर दिया है, आगे भी भविष्य में समयानुसार सहयोग किया जाता रहेगा।

# भिण्ड पुलिस ने गुम हुए 51 लाख के 221 मोबाईल किए बरामदः एसपी असित यादव

## एसपी असित यादव ने मोबाइल किए वापस तो मालिकों के चेहरों पर लौंटी मुस्कान

**केशब पंडित जी ब्यूरौ चम्बल डिबीजन**

भिण्ड। जिलें में गुम हो रहे मोबाईलों के आवेदन पुलिस अधीक्षक भिण्ड डॉ. असित यादव को लगातार प्राप्त हो रहे थे। पुलिस अधीक्षक डॉ. यादव द्वारा उक्त आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही कर उन्हे ट्रैस करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक को निर्देशित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला भिण्ड के समस्त थानों को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से मोबाईल ट्रैस कर थाना स्तर पर एवं सायबर सेल टीम को शीघ्र बरामद करने हेतु लगाया गया था। सोमवार को पुलिस नियंत्रण कक्ष में आयोजित पत्रकारवार्ता में पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त मोबाइलों को ट्रेस करने के लिए अधिनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया गया था। निर्देशों के परिपालन में उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय दीपक तोमर एवं नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार उईके के मार्गदर्शन में कार्य करते हुये सायबर सेल टीम एवं समस्त थानों की टीम द्वारा मोबाईल गुम संबंधी आवेदनों पर कार्यवाही करते हुये विभिन्न कम्पनियों के मोबाईलो को ट्रैस कर बरामद किया गया। सायबर सेल द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से समस्त थानों को प्रशिक्षण देकर मोबाईलों को ट्रैस करने हेतु निर्देश देकर



त्वरित कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया था। इसी क्रम में सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से जिला भिण्ड में मार्च 2024 से आज दिनांक तक कुल 221 मोबाईलों को ट्रैस कर बरामद किया गया है। जिनकी अनुमानित कीमत 51 लाख रुपये है। उक्त सभी मोबाईलों को जिला भिण्ड के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से तथा कई राज्यों (उप्र, गुजरात, दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, झारखण्ड, केरल, असम, छत्तीसगढ़) से बरामद किया गया जो कि रीयलमी, ओ ओप्पो, वीवो, एमआई, सैमसंग, टैक्नों, इनफिनिक्स, मोटोरोला, बनप्लस आदि कम्पनी के हैं। जिन्हें आज दिनांक 07 अक्टूबर 024 को पुलिस कन्ट्रोल रुम जिला भिण्ड में आयोजित कॉफ्रेन्स में मोबाईल मालिकों को सुपुर्द किया गया है। मोबाईल वर्तमान में भारतीय सेना, होमगार्ड, पुलिस में तैनात जवानों के साथ-साथ भूतपूर्व सैनिकों, माली, खिलाडी, स्टूडेन्ट, ग्रहणी महिला, अध्यापक, पत्रकार एवं आमजन आदि के थे। इनमे से कुछ आवेदक ऐसें है जो मोबाईल खरीद ही नही पाए, कई लोगों द्वारा बताया गया कि रास्ते में काम पर जाते समय मोबाईल गुम हो गया था। परन्तु जब आज मेरा मोबाइल खोजकर वापिस किया गया, तो मुझे बहुत खुशी हुई। मोबाईल धारकों को मोबाईल वापस मिलने पर सभी के चेहरे पर पुनः मुस्कान आ गई। मोबाईल मालिकों द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं सायबर सेल तथा थाना स्तर पर कार्यरत पुलिस की टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उक्त कार्यवाहीं में सायबर सेल के सहायक उपनिरीक्षक सत्यवीर सिंह, प्रधान आरक्षक प्रमोद पाराशर, महेश कुमार, सतेन्द्र यादव, आरक्षक आनन्द दीक्षित, राहुल यादव, हरपाल, पवन यादव तथा थाना स्तर पर कार्यरत टीम आरक्षक ज्ञानेन्द्र मिश्रा थाना देहात, आरक्षक सर्वेश तोमर थाना गोहद चौराहा, आरक्षक विवेक करन थाना सिटी कोतवाली, आरक्षक मोनू किरार थाना मौ, आरक्षक पदम सिंह रावत थाना मेहगांव की सराहनीय भूमिका रही है।

# तुलसी साहित्य अकादमी ने कटनी में युवा कवि सिद्धार्थ श्रीवास्तव को किया सम्मानित

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा।! तुलसी साहित्य अकादमी ने रीवा के युवा कवि एवं समाजसेवी सिद्धार्थ श्रीवास्तव को उत्कृष्ट साहित्य सेवा हेतु कटनी में आयोजित साहित्यिक अनुष्ठान में सम्मानित किया! सिद्धार्थ को यह सम्मान तुलसी साहित्य अकादमी, जबलपुर संभाग की संभागीय अध्यक्ष डॉ प्रतिभा पटेल, वरिष्ठ राजनेता अशोक विश्वकर्मा एवं मैहर की प्रतिष्ठित साहित्यकार मधु जैन ने प्रदान किया! उक्त आशय की जानकारी युवा कवि अभिनव सिंह बघेल ने आज यहां पर जारी अपनी एक लिखित प्रेस विज्ञप्ति में दी है! श्री बघेल ने अपनी विज्ञप्ति में आगे बताया कि उक्त कार्यक्रम में अन्य जो कवि एवं साहित्यकार उपस्थित रहे उनमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ कवि सुरेश सौरभ पन्ना, कवयित्री प्रमिला किरण इटारसी, मधु जैन मैहर, सानू राय कटनी आदि शामिल है! विदित हो कि सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने तीन वर्ष की अल्प आयु से काव्य पाठ करना प्रारंभ किया था और अपने साहित्यिक गुरु सुभाष श्रीवास्तव के साथ 26 वर्षों में पूरे देश भर में साहित्यिक यात्राएं की! स्वयं भी साहित्यिक आयोजन किये! कवि सम्मेलन एवं कवि गोष्ठियां




आहुत की और कोरोना काल में जब ऑफलाइन कार्यक्रम नही हो रहे थे तब 200 दिन लगातार अपने फ़ेसबुक पेज शायर सिद्धार्थ श्रीवास्तव में कवियों शायरों को आमंत्रित किया ताकि साहित्यिक गतिविधियों में विराम ना लगे! सिद्धार्थ श्रीवास्तव को सम्मानित किए जाने पर समाजसेवा एवं साहित्य जगत के जिन महत्वपूर्ण लोगों ने शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया है उनमें प्रमुख रूप से जन अभियान परिषद के उप निदेशक अमिताभ श्रीवास्तव, संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक, विकासखंड समन्वयक रीवा अमित अवस्थी, समाजसेवी शोभनाथ गुप्ता, सुरेश विश्नोई, विक्रांत द्विवेदी, कौशलेश मिश्रा, संकल्प परौहा, शशि मिश्रा, सुजीत द्विवेदी, लईक खान, वरिष्ठ समालोचक डॉ चंद्रिका चंद्र, वरिष्ठ रचनाकार गिरिजा शंकर शुक्ल गिरीश, वरिष्ठ साहित्यकार एवं सिद्धार्थ के गुरु सुभाष श्रीवास्तव, वरिष्ठ कवि दुर्गा प्रसाद चतुर्वेदी, वरिष्ठ पत्रकार जयराम शुक्ला, वरिष्ठ साहित्यकार जगजीवन लाल तिवारी, कवि रामसुन्दर द्विवेदी, रामलखन केवट जलेश, डॉ राजेन्द्र गुप्ता बैकुंठपुरी, अनिल अयान, जानकी प्रसाद पांडेय, साकेत श्रीवास्तव, शुभम शर्मा, अनिल सागर, दिप्तेश तिवारी, शिवांशु तिवारी एवं हिमांशु तिवारी आदि शामिल है!

# शासकीय भवनों में रूफटॉप सोलर प्लांट लगवाने एवं सड़कों के सुधार का कार्य तत्काल शुरू करने के निर्देश

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम अपने अनुभाग के अन्य विभागों के लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण कराएं।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि नवकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा शासकीय भवनों में रूफटॉप सोलर प्लांट लगाए जा रहे हैं। जिन कार्यालयों में शासकीय




हेल्पलाइन की 50 दिनों से अधिक लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, ऊर्जा विभाग, खाद्य विभाग सहित अन्य विभाग विकासखण्डवार शिविर लगाकर लंबित प्रकरणों का निराकरण कराएं। सभी एसडीएम राजस्व विभाग के प्रकरणों के साथ-साथ भवन हैं वे निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करके सोलर पैनल अनिवार्य रूप से लगवाएं। इससे बिजली की बचत होने के साथ कार्यालय का बिजली बिल लगभग आधा हो जाएगा। जिला संयोजक आदिमजाति कल्याण विभाग सभी छात्रावास भवनों में तथा जिला शिक्षा अधिकारी हायर सेकण्डरी स्कूल एवं हाईस्कूल भवनों में सोलर पैनल लगवाएं। कलेक्टर ने कहा कि लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई तथा स?क विकास निगम के अधिकारी सड़कों में सुधार के कार्य तत्काल शुरू करें। आयुक्त नगर निगम विभिन्न निर्माण एजेंसियों से समन्वय बनाकर 20 अक्टूबर तक रीवा शहर की प्रमुख स?कों में सुधार कराएं। कायाकल्प योजना से भी नगर निगम क्षेत्र की स?कों में सुधार का कार्य कराएं। कलेक्टर ने कहा कि सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रतिदिन खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर उनकी जाँच कराएं। अमानक पाए जाने पर कठोर कार्यवाही करें। उपवास में उपयोग किए जाने वाले फलाहारी खाद्य पदार्थ, पूजा में उपयोग किए जाने वाले घी और तेल तथा में दूध से बने पदार्थों के नमूने लेकर उनकी जाँच कराएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को सप्ताहवार नमूने लेने और जाँच कराने का लक्ष्य तय करें। लक्ष्य पूर्ति की रिपोर्ट हर सप्ताह टीएल बैठक में प्रस्तुत करें। आयुक्त नगर निगम जन्म, मृत्यु और विवाह पंजीयन के लिए की गई ऑनलाइन व्यवस्था को अधिक कारगर बनाएं। विवाह घरों में ही आवेदन दर्ज कराकर विवाह के पंजीयन की व्यवस्था करें। बैठक में कलेक्टर ने पटवारियों की भर्ती, रीजनल इन्वेस्टर्स मीट की तैयारियों तथा त्यौहारों में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने बैठक में शक्ति अभिनंदन अभियान की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभियान 2 से 11 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान विभिन्न विभागों के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के दौरान महिला नेतृत्व, महिलाओं की सुरक्षा तथा महिलाओं के कल्याण से जुड़ी शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि सभी अधिकारी स्वास्थ्य विभाग के आभा एप में अपना पंजीयन करा लें। इस एप में समय-समय पर होने वाले उपचार और विभिन्न जाँचों की जानकारी भी आपको अपलोड करनी है। प्रत्येक व्यक्ति की मेडिकल हिस्ट्री एप के माध्यम से संधारित रहेगी। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के लिए निर्धारित सहयोग राशि जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में जमा कर दें। इसे ऑनलाइन देने की भी सुविधा दी गई है। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हिन्दू उत्सवों व धार्मिक आयोजनों में विघ्न डालने वालों को बर्दस्त नहीं करेंगे: विहिप

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री धर्मेन्द्र त्रिपाठी ने आज कहा है कि हिन्दू पर्व-त्योहारों या कुम्भ जैसे महान आयोजनों की शुचिता और पवित्रता बरकरार रख, पूज्य संतों व मातृ शक्ति के सम्मान की रक्षा हेतु सम्पूर्ण हिन्दू समाज कृत संकल्पित है। इन आयोजनों में विघ्न डालने वालों के विरुद्ध शासन-प्रशासन व समाज को सतर्क रहना होगा। इन उत्सवों व धार्मिक आयोजनों को अपवित्र करने वालों को हम बर्दास्त नहीं करेंगे। सभी रीवावासियों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि मां दुर्गा से प्रार्थना है कि वे हमें वह शक्ति प्रदान करें जिससे हम राष्ट विरोधियों और हिंदू विरोधियों के षडयंत्रों को समाप्त कर भारत माता को विश्व का शीर्षस्थ देश बनाने का अपना संकल्प पूरा कर सकें। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की विशेषता है कि उसके उत्सव विभिन्न रंगों की छटाओं से भरे होते हैं। डांडिया नृत्य मां दुर्गा की आराधना का ही एक अनूठा आयोजन है। यह पूर्ण रूप से धार्मिक आयोजन है जिसमें वही भाग लेता है जो मां दुर्गा के प्रति समर्पित है। दुर्भाग्य से विकृत मानसिकता से ग्रस्त जेहादियों ने अपने गंदे इरादों के साथ डांडिया पंडालों में घुसना प्रारंभ कर दिया है। कल ही बिछिया चोपड़ा स्कूल के सामने वार्ड क्रमांक 38 रीवा में स्थापित नवदुर्गा प्रतिमा स्थल में कतीपय स्कूल ग्राउंड में खेल के लिए आने वाले



मुस्लिम युवकों के द्वारा प्रतिमा स्थल में आकर के गाली गलौज करते हुए भजन बजाने पर आपत्ति करने व मोहल्ले की शांति व्यवस्था को भंग करने का प्रयास भी किया गया। धर्मेंद्र त्रिपाठी ने यह भी कहा कि कामुकता से भरे इन जेहादियों की कई प्रकार की गंदी हरकतों के समाचार मिलते रहते हैं। कभी किसी हिंदू लड़की को छेड़ना तो कभी उनको रोकने पर लड़की पर तेजाब डाल देना कहां की सभ्यता है। पत्थर बाजी के समाचार भी मिलते रहते हैं। हमारी पूजा सामग्री व प्रसाद को भ्रष्ट करने का यह लोग हमेशा प्रयास करते ही हैं। इनकी पाशविक कामवासना, जिसको लव जिहाद का नाम दिया गया है, से पूरी दुनिया त्रस्त है। ऐसे में अगर विहिप ,बजरंग दल व अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता दुर्गा पूजा के पंडालों में जेहादियों के आने पर रोक लगाते हैं तो क्या गलत करते हैं। क्या हम अपनी आस्था और बहन बेटी के शील और स्वाभिमान को बचाने का भी अधिकार नहीं रखते? दुर्घटना की प्रतीक्षा नहीं की जा सकती। हम जानते हैं कि सावधानी में ही बचाव है। बचाव या सुरक्षा के इस पुनीत कार्य में लगे हिन्दू युवकों को 'हिंदू धर्म रक्षक' बताते हुए उन्होंने कहा कि इनका सम्मान होना चाहिए। दुर्भाग्य से सेकुलरिज्म से ग्रस्त कुछ लोग उनके लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हैं। हम उनसे पूछना चाहते हैं कि क्या उन्होंने कभी थूक जिहाद, जूस में पेशाब मिलने वाले, हिंदू उत्सवों पर पथराव करने वालों व हिंदू लड़कियों के टुकड़े-टुकड़े करने वालों के लिए जिहादी गुंडे कहने की हिम्मत दिखाई है जबकि वे फिलिस्तीन या जिहादी आतंकी संगठनों का झंडा हाथ में लेकर पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने में भी संकोच नहीं करते अब समझ में आता है इन जेहादियों को कवर फायर कौन देता है। उन्होंने यह भी कहा कि ओवैसी जैसे कट्टरपंथी नेताओं और इन सेक्युलरिस्टों की शह पर ये जेहादी कुंभ के पावन अवसर की पवित्रता को भी भंग करने का कोई अवसर नहीं छोड़ेंगे। इसलिए साधु संतों ने , हिन्दू समाज, वा बजरंग दल के कार्यकर्ता दुर्गा पंडालों और गरबा करने वाले स्थानों में जेहादियों के प्रवेश पर रोक की जो मांग की है वह एकदम उचित है। क्या हम अपनी आस्थाओं की पवित्रता की रक्षा करने के संवैधानिक अधिकार का उपयोग भी नहीं कर सकते विहिप जेहादियों को चेतावनी देता है कि वे अपने कुछ मंसूबे त्याग दे तभी वे सह अस्तित्व की बात कर सकते हैं। स्मरण रहे कि सद्भाव एक तरफा नहीं हो सकता।

## कलयुगी बेटे ने मां एवं बड़े भाई को उतारा मौत के घाट ,आरोपी फरार

**संवाददाता प्रदीप जैन (पिंटू) रन्नौद**



रन्नौद -शिवपुरी जिले के मायापुर थाना क्षेत्र के घिलौंदरा मजरा रामपुर के फार्म पर आज सुबह एक सनसनी खेस मामला सामने आया है जिसमें कलयुगी बेटे ने मां एवं बड़े भाई को मौत के घाट उतार दिया। जानकारी के अनुसार बूढी मां दिलीप कौर उम्र 100 वर्ष जो की रात्रि के समय दोनों बेटों को खाना बनाकर और खिलाकर सो गए, सुबह करीब 6 बजे राजवंत कौर उम्र 40 वर्ष ने पास में पड़ा फावड़ा से मां एवं बेटे को मौत के घाट उतार दिया। और मौके से फरार हो गया, प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया है राजवंत को हाथ में फावड़ा ले जाते हुए मक्के के खेत कि ओर भागते देखा, पड़ोसियों ने मायापुर थाना एवं रन्नौद थाने की पुलिस को सूचना दी दोनों थाने की घटना कि जानकारी लगते हि पुलिस मौके पर पहुंची, पडोसियोज

## बडोरा में सदस्यता अभियान: प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत ने ग्रामीणों को दिलाई सदस्यता

**पत्रकार सतीश परिहार करैरा**



करैरा~ करैरा विधानसभा के ग्राम बडोरा में वूथ क्रमांक 257 पर पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत ने सदस्यता अभियान के अंतर्गत ग्राम वासियों को पार्टी की सदस्यता दिलाई इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नफीस खान और किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष पवन लोधी भी उपस्थित रहे कार्यक्रम में रणवीर सिंह रावत ने ग्रामीणों से संवाद किया और उन्हें पार्टी के उद्देश्यों और योजनाओं से अवगत कराया उन्होंने कहा कि हर सदस्य पार्टी का अहम हिस्सा है और उनके सहयोग से विकास के नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं इस दौरान ग्रामवासियों ने अभियान को लेकर उत्साह दिखाया और बड़ी संख्या में सदस्यता ली स्थानीय नेतृत्व के इस प्रयास ने ग्राम बडोरा में राजनीतिक सक्रियता को बढ़ाने का काम किया है..!!!

## सिर्फ सरकार की आलोचना जर्नलिस्ट पर केस दर्ज करने का आधार नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे से सतीश परिहार**



सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि एक जर्नलिस्ट के खिलाफ सिर्फ इसलिए क्रिमिनल केस नहीं दर्ज किया जा सकता है कि उनकी लेखनी में सरकार की आलोचना है। जस्टिस हृषिकेश रॉय और जस्टिस एसवीएम भाटी की बेंच ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में अभिव्यक्ति की आजादी का सम्मान किया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी उस याचिका पर की जिसमें एक जर्नलिस्ट ने यूपी में अपने खिलाफ दर्ज केस को खारिज करने के लिए गुहार लगाई है। कोर्ट ने यूपी सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने के लिए कहा सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद-19 (1) (ए) के तहत पत्रकारों का अधिकार प्रोटेक्टेड है। सरकार की आलोचना मानकर किसी पत्रकार के खिलाफ केस दर्ज नहीं किया जाना चाहिए।

## आज विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड बदरवास की नई कार्यकारिणी घोषित की गई

**पत्रकार हरिओम परिहार**




कार्यकारिणी में प्रखंड अध्यक्ष सपनेश कुमार सोनी उपाध्यक्ष मंजू महाराज कुशुअन, उपाध्यक्ष ऋषि भारती उपाध्यक्ष रवि यादव तिलातिली मंत्री दीपक गोस्वामी सह मंत्री रितिक साहू सह मंत्री नारायण कुशवाहा संयोजक विकास राठौड़ सह संयोजक योगेश राठौर सह संयोजक सौरभ यादव बल उपासना प्रमुख सिद्धार्थ चतुर्वेदी सह वल उपासना प्रमुख जगदीश यादव सुरक्षा प्रमुख अमन राजपूत सह सुरक्षा प्रमुख अभिषेक शर्मा गौ रक्षा प्रमुख कालीचरण परिहार सह गौ रक्षा प्रमुख विक्की ओझा मीडिया प्रभारी अजय यादव विधि प्रमुख विवेक शर्मा विद्यार्थी प्रमुख जितेंद्र चतुर्वेदी आदि को दायित्व सोंपे गए

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने की छापामार कार्यवाही

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खरगोन जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए नमूने संग्रहित किये जा रहे हैं। इसी की में 07 अक्टूबर को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा के.मार्ट जवाहरमार्ग खरगोन से खाद्य पदार्थ सिंघाडा आटा, फरयाली आटा एवं फरयाली चरका नमकीन के नमूने सग्रंहित किये हैं। इसी प्रकार श्रीजी एसोसियट विश्वसखा कालोनी खरगोन से घी का, पियूष कुमार सुभाषचन्द्र बलवाडा से साबुदाना एवं सोयाबीन तेल का, जय अम्बे किराना स्टोर्स बस स्टेण्ड कसरावद से कुकिंग मिडियम का नमूना सग्रंहित किया गया है। खाद्य प्रतिष्ठानों से संग्रहित किए गए नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गये है। जॉच में नमूने अमानक पाये जाने पर संबंधित विक्रेताओं के विरूद्व खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत वैद्यानिक कार्यवाही की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा आगामी समय में समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर विधिवत कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। इस कार्यवाही में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री एच.एल. अवास्या, श्री आर.आर. सोलंकी एवं एनएस सोलंकी उपस्थित थे।

# शनाया कपूर

## को मिली बड़ी फिल्म, विक्रांत मैसी संग करेंगी रोमांस, इन दो एक्ट्रेस का कटा पत्ता







बॉलीवुड में अब एक और नए स्टार किड की एंट्री होने वाली है. ये स्टार किड कोई और नहीं बल्कि संजय कपूर और महीप कपूर की बेटी शनाया कपूर हैं. 25 साल की शनाया कपूर के बॉलीवुड डेब्यू को लेकर लंबे वक्त से चर्चा थी. पर अब तय हो गया है कि शनाया '12ह्रद्ध फेल' से दुनियाभर में नाम कमाने वाले एक्टर विक्रांत मैसी के साथ डेब्यू करने जा रही हैं. उनकी फिल्म का नाम 'आंखों की गुस्ताखियां' रखा गया है.ये एक लव स्टोरी होगी. पीपिंग मून की रिपोर्ट के मुताबिक 'आंखों की गुस्ताखियां' में शनाया कपूर एक थिएटर कलाकार की भूमिका निभाएंगी. इसमें विक्रांत एक ब्लाइंड म्यूजिशियन (अंधे संगीतकार) के रोल में होंगे. ये फिल्म लेखक रस्किन बॉन्ड की शॉर्ट स्टोरी 'द आईज हैव इट' पर बेस्ड होगी. बताया जा रहा है कि ये एक म्यूजिकल फिल्म होगी, जिसमें प्यार, आजादी, यादें और विश्वास समेत कई चीज़ों को दिखाया जाएगा.

**कौन करेगा निर्देशन ?**

इस फिल्म का निर्देशन संतोष सिंह करेंगे. संतोष इससे पहले ब्रोकेन बट ब्यूटिफुल, अपहरण और रणनीति- बालाकोट एंड बियोंड जैसी वेब सीरीज़ का निर्देशन कर चुके हैं. इसे शॉर्ट स्टोरी से फिल्म की स्क्रिप्ट में निरंजन ऐयंगर और मानसी बागला ने एडैप्ट किया है. ऐयंगर ने शाहरुख खान की माई नेम इज़ खान, रा वन, ऐ दिल है मुश्किल और दी डे जैसी फिल्मों के डॉयलॉग भी लिखे हैं.

**इन एक्ट्रेस का कटा पत्ता**

रिपोर्ट में बताया गया है कि मेकर्स पहले 'आंखों की गुस्ताखियां' में फीमेल लीड के तौर पर तारा सुतारिया को कास्ट करना चाहते थे. मेकर्स ने अलाया एफ और प्रतिभा रांटा को भी अप्रोच किया था, लेकिन अंत में शनाया को फिल्म में कास्ट किया गया.हालांकि 'आंखों की गुस्ताखियां' शनाया का सेकंड प्रोजेक्ट है. इससे पहले ही वो मोहनलाल की आने फिल्म 'व्रशभा' में काम कर चुकी हैं. फिल्म अगले साल की शुरुआत में सिनेमाघरों में आ सकती है. बात 'आंखों की गुस्ताखियां' की करें तो इसकी शूटिंग इस महीने के अंत तक मसूरी में शुरू होगी. फिल्म को मुंबई और यूरोप में भी फिल्माया जाएगा. इसे अगले साल जून या जुलाई रिलीज़ करने का प्लान है.

## इस फिल्म के सीक्वल में कंगना रनौत करने जा रही हैं ट्रिपल रोल, हो सकता है शाहरुख खान स्टाइल कमबैक



कंगना रनौत की फिल्म श्वद्वद्गह्म्द्दद्गठ्ठष्4 एक ओर अटकी हुई है. सेंसर बोर्ड ने उसमें बदलाव करने को कहा है. दूसरी ओर कंगना के लिए एक अच्छी खबर आ गई है. कई दिनों से अटकलें लग रही थीं कि 'तनु वेड्स मनु' का तीसरा पार्ट आ सकता है. पर अब शायद ये फाइनल हो गया है. और ऐसा भी कहा जा रहा है कि इसमें कंगना का ट्रिपल रोल हो सकता है.उनकी पिछली कई फिल्में फ्लॉप रही हैं. उन्हें अपनी इस फिल्म से बहुत उम्मीद होगी. संभव है ये फिल्म उनका शाहरुख खान स्टाइल कमबैक करा दे.

**'तनु वेड्स मनु 3' का आइडिया हुआ लॉक**

2011 में आनंद एल राय ने 'तनु वेड्स मनु' बनाई थी. ये फिल्म बढ़िया चली. इसके चार साल बाद इसका दूसरा पार्ट आया, जो ब्लॉकबस्टर रहा. अपने जमाने में ये किसी फ़ीमेल लीड की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिन्दी फिल्म थी. कई सालों से लोग 'तनु वेड्स मनु 3' का इंतजार कर रहे हैं. पिंकविला के मुताबिक अब ये पिक्चर बन रही है. आनंद एल राय ने फिल्म का आइडिया फाइनल कर लिया है.

**कहां से शुरू होगी तीसरे पार्ट की कहानी ?**

फिल्म का दूसरा पार्ट जहां से खत्म हुआ था, वहीं से इसका तीसरा पार्ट शुरू होगा. रिपोर्ट में सोर्स के हवाले से कहा गया है कि ये सही मायनों में सीक्वल होगा. पहले दो पार्ट की आत्मा बरकार रखते हुए तीसरे पार्ट में ह्यूमर और रोमांस का डबल डोज होगा. फिल्म का बेसिक आइडिया लॉक हो गया है. 2025 के सेकंड हाफ में फिल्म के फ्लोर पर आने की संभावना है.

**डबल रोल के बाद कंगना का ट्रिपल रोल**

रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि 'तनु वेड्स मनु 3' में कंगना रनौत ट्रिपल रोल में नजर आएंगे. उनके सामने आर माधवन एक ही रोल में होंगे. इससे पहले सेकंड पार्ट में वो डबल रोल में नजर आई थीं. कंगना इस फिल्म में पहली बार ट्रिपल रोल करने जा रही हैं. वो अभी डायरेक्टर से पूरी कहानी सुनने का इंतजार कर रही हैं.

**कब होगी रिलीज ?**

फिल्म का अगले साल जुलाई तक शूट शुरू हो सकता है. आनंद एल राय अभी धनुष और कृति सेनन के साथ 'तेरे मेरे इश्क' की शूटिंग कर रहे हैं. कंगना भी 'इमरजेंसी' की रिलीज का वेट कर रही हैं. 'तनु वेड्स मनु 3' 2026 में रिलीज हो सकती है.

## सासू मां के निधन की खबर मिलने के बाद भी अर्चना पूरन सिंह को क्यों हंसना पड़ा?



फेमस कॉमेडियन कपिल शर्मा अपने शो के जरिए हर किसी को हंसाते हैं. अर्चना पूरन सिंह भी कपिल के शो का अहम हिस्सा हैं. अर्चना कपिल के पहले शो 'कॉमेडी नाइट विद कपिल' से लेकर 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' तक साथ रही हैं. ये शो अपने आप में मजेदार है, लेकिन इसमें अर्चना अपने ठहाकों से चार चांद लगा देती हैं. हालांकि, लोगों को अर्चना पूरन सिंह का काम काफी आसान लगता है, लेकिन असल में ऐसा है नहीं.अर्चना पूरन सिंह फिलहाल 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के दूसरे सीजन की शूटिंग कर रही हैं. हाल ही में अर्चना ने एक इंटरव्यू में इस बारे में खुलकर बात की है. उन्होंने एक घटना शेयर करते हुए बताया कि उन्होंने अपनी सास के निधन की खबर सुनने के बाद भी हंसते हुए शो की शूटिंग की. भले ही उनके दिमाग में जो भी उथल-पुथल हो रही हो, लेकिन उन्होंने कैमरे के सामने ठहाके लगाकर शॉट्स दिए. हालांकि, उन्होंने इसके लिए शो के मेकर्स को इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया है.

**खबर मिलने के बाद हंसते हुए देना पड़ा था शॉट्स**

इंस्टेंट बॉलीवुड के साथ बातचीत के दौरान इस मामले को शेयर करते हुए उन्होंने कहा, ẞमैं अपनी सास के बहुत करीब थी, वो हॉस्पिटल में एडमिट थीं. मैं शो की शूटिंग कर रही थी उसी दौरान मुझे फोन पर ये पता चला



उसके बाद मैंने प्रोडक्शन

जाना पड़ेगा, प्रोड्यूसर्स ने

का कुछ शॉट दे दें, जो कि

जा सकें.

**मुझे नहीं पता कि मैं उस वक्त**

अर्चना ने बताया कि शूटिंग के दौरान मैं हंस रही थी और मेरा दिमाग बिल्कुल खाली हो चुका था, उसमें केवल मेरी सास की मौत की बात चल रही थी. मैं सोच रही थी कि ये क्या हो रहा है. मुझे नहीं पता मैं उस वक्त कैसे हंसी. लेकिन जब आप इंडस्ट्री में 30-40 साल से काम कर रहे होते हैं तो आपको पता रहता है कि जो काम आप कर रहे हैं, उसमें प्रोड्यूसर्स का बहुत पैसा लगा हुआ है, जिसकी वजह से आप काम अधूरा छोड़कर नहीं जा सकते हैं.

# सलमान खान

## के शो का हिस्सा बनेगा गधा? क्या है माजरा



बिग बॉस सीजन 18 का इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है, मेकर्स इस शो के ग्रैंड प्रीमियर की तैयारी में जोरों-शोरों से लगे हुए हैं. 6 अक्टूबर को इस शो की शुरुआत हो जाएगी. हालांकि, शो को शुरू होने में काफी कम वक्त बचा है, लेकिन मेकर्स ने ऑडियंस की बेसब्री को बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है. मेकर्स इस शो से जुड़े कई प्रोमो रिलीज कर चुके हैं. हाल ही में कलर्स चैनल के ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर शो का नया प्रोमो रिलीज किया गया है, जिसमें बिग बॉस के स्टेज पर सलमान खान से पहले एक गधा दिखाई दे रहा है. बिग बॉस का नया प्रोमो जब रिलीज हुआ तो उसमें सभी सलमान खान की एंट्री का वेट कर रहे थे, लेकिन सलमान खान की जगह स्टेज पर एक गधे की एंट्री हो गई. इस प्रोमो में गधा स्टेज पर घास खाता नजर आ रहा है और बैकग्राउंड से बिग बॉस की आवाज आती है.




**क्यों बिग बॉस में आया गधा ?**

गधे को देखने के बाद ये अंदाजा लगाया जा रहा है कि इसका शो के साथ कोई खास कनेक्शन जरूर होगा. या फिर घरवालों के साथ या किसी नए ट्विस्ट के साथ इस गधे का लिंक होने वाला है. अब गधे के शो पर आने की क्या वजह है, इसके लिए सभी को 6 अक्टूबर रात 9 बजे तक का इंतजार करना पड़ेगा. कलर्स टीवी ने इस प्रोमो शेयर करते हुए लिखा कि क्या बिग बॉस 18 के नए गेस्ट के चार पैर हैं? वहीं जियो सिनेमा ने भी इस प्रोमो को शेयर किया है, जिसके साथ लिखा है कि बिग बॉस शुरू होने से पहले ही आ गया ट्विस्ट, क्या ये गधा भी होगा पार्टिसिपेंट्स में शामिल. इस पोस्ट के कमेंट सेक्शन में लोगों ने शो के लिए अपनी एक्साइटमेंट साफ तौर पर जाहिर की है.

**घर का वीडियो आया सामने**

शो की बात करें तो, बिग बॉस का ये सीजन बाकी सभी सीजन से काफी अलग और दिलचस्प होने वाला है. इस सीजन को 'टाइम के तांडव' के थीम पर बनाया गया है, इसके साथ ही हाल ही में कलर्स चैनल ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर बिग बॉस के नए घर का वीडियो शेयर किया है. यह वीडियो प्रीमियर से एक दिन पहले शेयर किया गया. इस बार के बिग बॉस का घर पूरे देसी तरीके से बनाया गया है.

# कलेक्टर ने रीजनल इंडस्ट्रियल कॉनक्लेव की तैयारी बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आगामी 23 अक्टूबर को रीवा में आयोजित होने वाली रीजनल इंडस्ट्रियल कॉनक्लेव से पूर्व अपनी विभागीय औपचारिकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करायें। नवीन औद्योगिक क्षेत्रों में आवश्यक कार्यों की पूर्ति कराते हुए पुराने औद्योगिक क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास व उन्नयन के कार्य योजना अनुसार पूर्ण करायें। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में विभागीय अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि उद्योगों को विभागों से जो आशाएँ व अपेक्षाएँ रहती हैं उनको नियमानुसार तत्परतापूर्वक निराकृत करने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि औद्योगिक केन्द्र चोरहटा में सबस्टेशन निर्माण, ट्रक पार्किंग स्थल तथा पार्क के निर्माण के लिए योजना अनुसार कार्यवाही करें तथा ड्रेनेज सिस्टम, स्ट्रीट लाइट तथा मीठे पानी की सप्लाई का कार्य प्रारंभ करायें। उन्होंने कहा कि औद्योगिक केन्द्र में स्थापित राइस मिलों से निकलने वाले बेस्ट को कव? एरिया में सुरक्षित रखवायें ताकि इसके कारण अन्य दूसरे उद्योगों को नुकसान न हो। उन्होंने चोरहटा औद्योगिक केन्द्र में एसटीपी की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली से संबंधित शिकायतों को तत्परतापूर्वक निराकृत करायें। कलेक्टर ने कृषि से संबंधित उद्योग स्थापना के लिए क्लटर आधारित खेती के लिए किसानों को जागरूक करने के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित एफपीओ के माध्यम से एग्रीगेट कृषि उत्पादन व कॉन्ट्रेक्ट फार्मिंग के प्रस्ताव तैयार करायें। बैठक में एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक यू.के. तिवारी ने बताया कि रीजनल इंडस्ट्रियल कॉनक्लेव के लिए सीमावर्ती जिले उत्तरप्रदेश से भी उद्योगपतियों को रीवा जिले में उद्योग स्थापना के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। औद्योगिक क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास के कार्यों को पूरा कराते हुए उद्योग स्थापना के लिए उद्यमियों को आकर्षित किया जा रहा है। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय सहित विभागीय अधिकारी व औद्योगिक क्षेत्र चोरहटा के उद्यमी उपस्थित रहे।



## नवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलूरू- श्री राजस्थानी नवदुर्गा व्यापारी संघ बीटीयम लेआउट सैकेड स्टेज के तत्वावधान में व सर्व राजस्थानी समाज की ओर से रविवार को नवरात्रि महोत्सव व एक शाम माताजी के नाम विशाल भजन संध्या व गरबा का आयोजन चामुंडेश्र्वरी मंदिर प्रांगण में किया गया। मंदिर प्रांगण में दुर्गा मां का दरबार सजाया गया। मां दुर्गा का  रंग बिरंगे पुष्प से विशेष श्रृंगार किया गया। पुरे मंदिर को रोशनी से सजावट की गई। मां दुर्गा की पूजा-अर्चना व ज्योत प्रज्वलित कर जागरण का आयोजन किया गया। भजन गायक जितु बंजारा ने गणपति वंदना से भजनों की शुरुआत की। उसके बाद गायक ने एक से ब?कर एक राजस्थानी लोक भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रंदालुओ को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजनों के कार्यक्रम में  वार्षिक चढ़ावों की बोलियां बोली गई। भजनों के बाद महिलाओं ने गरबा नृत्य किया। देर रात तक डिजे की धुन पर महिलाएं बालक बालिकाएं गरबा नृत्य किय। इस मौके पर महाप्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। संस्था के अध्यक्ष नारायणलाल कुमावत ने स्वागत किया। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों एवं बोलीयां के लाभार्थियों का साफा माला पहनाकर सम्मान किया गया। सचिव  देवेंद्रसिंह ने राठौ? ने आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में ट्रस्ट के सभी कार्यक्रम सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने 37 छात्रावास अधीक्षकों को दिया नोटिस

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। गत दिवस कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने आदिमजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कई छात्रावासों में गंभीर कमियाँ पाई गईं। कलेक्टर ने कम परीक्षा परिणाम वाले 10 अधीक्षकों तथा छात्रावासों में विद्यार्थियों के प्रवेश में रूचि न दिखाने वाले 27 अधीक्षकों को कारण बताओ नोटिस दिया है। नोटिस का 21 अक्टूबर तक समक्ष में उपस्थित होकर प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस का संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।



कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षाओं में कम परीक्षा परिणाम रहने पर 10 अधीक्षकों को नोटिस दिया है। जारी नोटिस के अनुसार अधीक्षक भैयालाल साहनी, राजमणि कोल, संतोष कुमार सोनी, अरूण कुमार पाण्डेय, कृष्णकांत द्विवेदी, अधीक्षिका सुधा रावत, मुन्नी देवी त्रिपाठी, अरूणा दुबे तथा रीना देवी वर्मा को कलेक्टर ने कम परीक्षा परिणाम होने पर कारण स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं। जबकि कम प्रवेश होने पर अधीक्षक अच्छेलाल कोल, प्रहलाद रावत, संतोष कुमार तिवारी, यदुवंश रावत, महेन्द्र कुमार द्विवेदी, बाबूलाल कोल, महेन्द्र सिंह गहरवार, संदीप श्रीवास्तव, ऋषिकेश पाण्डेय, विष्णु दांगी, रंगनाथ तिवारी, नागेन्द्र मिश्रा, ऋषिकेश मिश्रा, अभिषेक कुमार वर्मा तथा सूर्यपाल पटेल सहित अधीक्षिका नीता रावत, ऋतु मिश्रा, प्रमिला शुक्ला, किरण चौधरी, ऊषा शुक्ला, सविता तिवारी, कलावती साकेत, मैनाबाई, श्रीमती संतोष कुमारी, राजकुमारी साकेत व श्यामकली सिंह को नोटिस जारी कर तीन दिवस में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

## रामपुरा गांव में आईमाताजी वैल का किया बधावा

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**



पाली। मारवाड़ री धन्य धरा जिला मुख्यालय पाली तहसील पाली गांव रामपुरा श्री आई माता जी मन्दिर बडेर गांव रामपुरा श्री आई माता जी का धर्म रथ भैल धर्म प्रचार भ्रमण पर पधारे गांव के कोटवाल जमादारी समस्त पंचो री सहमती से भव्य स्वागत किया आज विक्रम संवत् 2081 मिती आसोज सुदी  तीज शुक्ल पक्ष रविवार दिनांक 6 अक्टूबर  सन् 2024 को वैल का भव्य बधावणा किया। वैल के साथ आए जति बाबा पुना महाराज, खेता महाराज, रतन लाल राठौड, शंकर हाम्बड,  राजेन्द्र पंवार, बाबूलाल परिहार, जेठाराम सोलंकी का कोटवाल पोकरराम काग,जमादारी हेमाराम आगलेचा ने स्वागत किया। जेठाराम सोलंकी ने बताया कि इस गांव में भूतपूर्व सरपंच मांगीलाल आगलेचा का अच्छा सहयोग रहा।

## आगामी त्यौहार को देखते हुए जैतवारा थाना में संपन्न हुई शांति सभा की बैठक

**पुष्पांजलि टुडेष राजेश कुमार तिवारीष ब्यूरो चीफ सतना**

आगामी नवरात्री त्योहार को देखते हुए जैतवारा थाना में शांति सभा की बैठक का आयोजन किया गया बैठक के दौरान समझाइए दी गई की नवरात्रि का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाए किसी भी तरह का लड़ाई झगड़ा ना किया जाए बैठक में जैतवारा तहसीलदार परमानंद तिवारी थाना प्रभारी जैतवारा विजय सिंह नगर परिषद अध्यक्ष रेनू दोहर नगर परिषद उपाध्यक्ष बृजेश प्यासी सत्य प्रकाश द्विवेदी लल्लन सिंह सैलू सिंह सहित जैतवारा थाना का पुलिस बल नगर परिषद जैतवारा का स्टाफ एवं थाना क्षेत्र के गण मान्य नागरिक उपस्थित रहे

# पीएमश्री के शिक्षक प्रभात सिंह भदौरिया के स्थानांतरण विदाई समारोह में स्टाफ एवं बच्चे हुए भावुक

**पंकज त्रिपाठी ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

*भिण्ड । शासकीय कर्मचारियों का स्थानांतरण होना एक शासकीय प्रकिया है,इसी के चलते पीएमश्री*



*शा. मा. वि. एस. ए. एफ. के शिक्षक प्रभात सिंह भदौरिया का शा. उ. मा. वि. जामपुरा भिंड हुआ है,उनके स्थानांतरण हो जाने पर स्कूल के स्टाफ द्वारा विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानांतरित हुए शिक्षक श्री भदौरिया का स्टाफ व अन्य समाजसेवियों ने शॉल एवं श्रीफल भेंट किया तो वहीं छात्र छात्राओं ने गले से लिपटकर विदाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएमश्री के प्रधान अध्यापक अरविंद सिंह तोमर ने कहा कि श्री भदौरिया एक अच्छे शिक्षक होने के साथ उनके अच्छे मित्र भी है,श्री तोमर काफी भावुक हो गए । स्थानांतरित हुए शिक्षक श्री भदौरिया ने कहा कि उन्हें इस में सभी का प्रेम एवं साथ मिला है, उन्होंने बच्चों को गले लगाकर सभी बच्चों से कहा कि वह मन लगाकर प?ाई करें,साथ ही बच्चों को शुभकामनाएं दीं,विदाई समारोह में स्कूल स्टाफ के अलावा बच्चे भी भावुक हुए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दीपिका कुशवाह द्वारा किया गया।*

*विदाई समारोह में मुख्य रूप से पीएमश्री एसएएफ के प्रधान अध्यापक अरविंद सिंह तोमर,शिक्षक गण संजीव यादव,श्रीमती सरिता कुशवाह,राजेश कुमार,श्रीमती अनुराधा भदौरिया,श्रीमती कल्पना भदौरिया,श्रीमती साधना कुशवाह, दीपिका कुशवाह शा. हाईस्कूल जामपुरा प्रधानाचार्य श्यामनन्द तिवारी, शिक्षकों में सीताराम शर्मा,मनोज दुबे,ओमप्रकाश दौहरे,प्रवीण कुमार जोशी,राकेश सिंह चौहान,शिवप्रताप सिंह भदौरिया, श्रीमती दीपा यादव,श्रीमती सुनीता शर्मा,श्रीमती प्रीती तोमर एवं पूर्व पार्षद राजेंद्र सिंह बेस,वार्ड 35 के पार्षद पति अमित चौधरी,पत्रकार बन्धुओं में दिनेश सोनी,पंकज त्रिपाठी,जितेंद्र सिंह यादव उर्फ छोटे एवं पीएमश्री स्कूल की भृत्य श्रीमती कल्पना गौतम,रसोइया श्रीमती कुसमा,श्रीमती सुमन,उषा व छात्र- छात्राएं उपस्थित रही।*

## यातायात पुलिस द्वारा शहर में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**उमाकान्त शर्मा**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड। शहर में आगामी त्यौहारों को देखते हुए यातायात प्रभारी राघवेन्द्र भार्गव द्वारा मुख्य बाजार सदर मार्ग पर लगे ठेलों को व व्यापारियों द्वारा बाहर रखे हुए सामान को स?क से अंदर रखने की हिदायत दी गई एवं हाथ ठेलों को सीमा में लगाने की शख्त हिदायत दी गई। आपको बता दें कि पुलिस अधीक्षक डॉ.असित यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन में यातायात थाना द्वारा यह कार्रवाई की गई उक्त कार्यवाही में कुछ दुकानदारों के चालान भी काटे गए तथा कुछ को समझाईश देकर छोड़ दिया गया आपको बता दें कि आगामी दिनों में दीपावली के पांच दिवसीय त्यौहार पर बाजारों में भी? देखने को मिलेगी।जिस कारण यातायात बाधित न हो इसलिए यातायात थाना पुलिस द्वारा कार्रवाई को अंजाम दिया गया।यातायात की टीम द्वारा दुकानदारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण कार्य करने के लिए भी कहा गया बाजारों में रौनक वह भीड़ को देखते हुए यह अभियान चलाया गया।उक्त कार्रवाई में निरीक्षक राघवेन्द्र भार्गव उपनिरीक्षक गौरीशंकर यादव प्रदीप शर्मा फिरोज खान रामलाल गुर्जर साथ रहे

# उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल आध्यात्मिकता द्वारा स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज का निर्माण वैश्विक शिखर सम्मेलन  के समापन समारोह में हुए शामिल

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा।उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी से विकास की तेज राह में विश्व आगे बढञ रहा है, इसे सही दिशा देकर मानव कल्याण से जोढञने के लिए समाज में मूल्यों को विकसित करना होगा। विकास को वरदान बनाना है तो समाज में प्रेम, दया, करुणा, परोपकार और शांति की भावना को जागृत करना होगा। ब्रह्मकुमारी जैसे संस्थानों द्वारा जन-चेतना के लिए किये जा रहे कार्य सशक्त और समृद्ध भारत तथा वैश्विक खुशहाली के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल राजस्थान के माउंट आबू में प्रजापिता ब्राम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ÷आध्यात्मिकता द्वारा स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज का निर्माण÷ वैश्विक शिखर सम्मेलन के समापन समारोह में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि 4 से 7 अक्टूबर तक आयोजित शिखर सम्मेलन के शुभारंभ सत्र में (4 अक्टूबर) राष्टपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु शामिल हुई थीं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी की अगुवाई में सपनों के भारत के निर्माण का चल रहा है महायज्ञ उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के गौरवशाली नेतृत्व में भारत तेज गति से आगे ब? रहा है। आज भारत विश्व की 5 वीं ब?ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। आगामी 5 वर्षों में हम तीसरी और वर्ष 2047 तक विश्व की सबसे ब?ी अर्थव्यवस्था होंगे। व्यापक स्तर पर तेज गति से विकास हो रहा है। तेजी से ब?ती अर्थव्यवस्था ने विकास के द्वार खोले हैं। नागरिकों को सक्षम बनाने के लिये उच्च स्तरीय शिक्षा, स्वास्थ्य की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। विकास की राह के हर पढञाव में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सपनों के भारत के निर्माण का महायज्ञ चल रहा है। इस विकास को स्थायी बनाने के लिये मानव जाति का जागृत होना आवश्यक है, इस दिशा में भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत और आध्यमिकता का पुनरुत्थान




करना होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद कहते थे 21 वीं सदी भारत की होगी। भारत विश्वगुरू होगा। वर्तमान वैश्विक पारिस्थितियों में भारत का नेतृत्व नितांत आवश्यक है। आर्थिक विकास के साथ आध्यात्मिक विकास पर भी कार्य करना होगा। विकसित, समृद्ध और खुशहाल विश्व के निर्माण के लिये भारत की ÷वसुधैव कुटुंबकम÷ की सोच पर सभी को चलना होगा। वैश्विक कल्याण के इस अहम दायित्व के निर्वहन के लिये आवश्यक है कि भारत का हर नागरिक सकारात्मक भूमिका निभाकर लोक-कल्याणकारी पुनीत यज्ञ में सहभागी बने। अच्छा मनुष्य बनकर ही स्वयं, समाज और विश्व का कल्याण किया जा सकता है सुनिश्चित उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी कहते थे ÷ऑआज मानव ने आकाश में पक्षी की तरह उढञना सीख लिया है, मछली की तरह समुद्र में तैरना सीख लिया है लेकिन इंसान की तरह चलना नहीं सीख पाया।÷ उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि वैश्विक कल्याण के लिये मानव मूल्यों को जागृत करना होगा। समाज को तो?ने वाली शक्तियाँ कार्य कर रही हैं, परंतु कुशी की बात है कि समाज को जो?ने वाली, चिंतन करने वाली, वैश्विक कल्याण के भाव वाली संस्थाएँ और विचारक सतत कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज विश्व ब्राम्हाकुमारी जैसे संस्थानों को आशा भरी न?रों से देख रहा है। यह वर्तमान पी?ी की ?िम्मेदारी है आगामी पी?ी को भारत की समृद्ध संस्कृति और आध्यात्म से जो?ने की दिशा में प्रयास करे। एक अच्छा मनुष्य बनकर ही स्वयं का, समाज का और विश्व का कल्याणकारी भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल को ब्राम्हाकुमारी संस्थान के प्रतिनिधियों ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। ब्राम्हाकुमारी के राजयोगी श्री बृजमोहन, राजयोगिनी सुश्री चन्द्रिका दीदी सहित 20 हजार से अधिक प्रतिभागी इस सम्मेलन में शामिल थे।



# यूं पाएं 5 मिनट में स्टाइल और Glamorous लुक्स

त्योहारों का मौसम आते ही हम घर के कामों में इतने ज्यादा व्यस्त हो जाते हैं कि हमे पार्लर जाना तो दूर, हमें घर में भी खुद पर ध्यान देने का मौका नहीं मिल पाता। इसलिए हम आपको बताएगे कि घर पर ही आप 5 मिनटों में अपना चेहरा कैसे निखार सकती है और एक अलग लुक पा सकती हैं। जिससे सभी की नजरें आप पर ही टिकी रहे।

- अगर आपने अपने फ्रैंड के घर पार्टी पर जाना हो और आपके बालों में काफी ऑयल लगा है, जिससे लेकर आप बहुत ही ज्यादा परेशान है तो ऐसे में हम आपको बताएगे कि 2-3 मिनटों में आपकी ये परेशानी कैसे दूर हो सकती है। सबसे पहले आप सिर झुकाएं और बालों को पलटकर अच्छी तरह से ब्रश करें। इसके बाद आप चाहे तो हल्का सा पफ बनाकर क्लचर या बनाना पिंन भी लगा सकतीं हैं।

- अगर आप गहरे रंग रूप वाली, गोरी, सावंली, मोटी, लम्बी, पतली मोटे होठों वाली लड़की है तो आप भी उन लडकियों की तरह सुंन्दर मानी जाएगी। बस, फर्क इतना सा है कि उन्हें अपने रूप-रंग से जुडे दर पहलू पर नाज होता है। ऐसे में आपकी हर कमी को छुपाया जा सकता है।

- सबसे पहले तो जो खुद पर सूट करे, वो पहने। अपने बेसिक स्टाइल को दोहराते रहें, सिर ऊंचा और पीठ सीधी करके चलें। इस कॉन्फिटेंन्स के साथ जो आपको खूबसूरत ना माने ले, उसका सौन्दर्यबोध संदिग्ध होगा। - तैयार होने से पहले आप अपने आपको आइने के सामने देखें और सोचें कि आपका कलर यलो नहीं फेयर है। ऐसे देखने से ही मेंकअप करें जिसे करने से आपको कोई काला नहीं कह सकता, कलर भी तो चॉकलेटी हो सकते हैं। - अगर आपको कोई मोटा कहता है तो उसकी बात पर बिल्कुल ध्यान ना दें। आप मोटी नहीं हेल्दी हैं तो अगली बार जब खुद की व्याख्या करनी हो, तो इस ख्याल से कीजिएगा कि आपकी गहरी आंखों वाली आकर्षक मुस्कुराहट की स्वामिनी हैं। आपके जैसे ओर कोई नहीं और नहीं आपके जैसा दिखना आसान काम है। - स्टाइल में रहने का मतलब यह नहीं कि आप ढेर सारे कपडों को खरीदना होता, रूचिपूर्ण तरीके से त्यौहार पर तैयार होने से भी व्यक्ति सौम्य लगता है और जो आपमें खूबियां है उन्हें निखारें।



## कार्यालय नगर मौ जिला भिण्ड (म.प्र.)

क्रमांक/ 720 दिनांक 07/12/2024

### भवन / भूमि नामान्तरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय कि कर वसूली पंजी गे सशोधन हेतु निग्नानुसार आवेदक द्वारा वर्णित अभिलेखो के आधार पर ग.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150-151 के अर्न्तगत नाम परिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है इसमे किसी को कोई आपत्ती हो तो इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस में आपत्ती प्रस्तुत करे 30 दिवस उपरान्त आपत्ती मान्य नही होगी।

| क्र. | भवन क्रमांक | वार्ड | सम्पत्ति स्थित्त स्थान | हस्तांतरण कर्ता | हस्तांतरित कर्ता | आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 39 | 05 | कटरा मौहल्ला मौ | मूलचंद उर्फ ओमप्रकाश पुत्र पन्नालाल अग्रवाल | मनोज कुमार पुत्र हरिओम अग्रवाल | पंजीकृत विक्रय पत्र |
| 2 | प्लाट | 05 | संकट मोचन के पीछे | घनश्याम पुत्र जगदीश सोनी | किशनकांत पुत्र मूंगाराम जाटव | पंजीकृत विक्रय पत्र |
| 3 | 11 | 07 | पुरानी सब्जी मंडी | बिरगिल्ला पुत्री चोई | अजीम खां पुत्र शरदार खां | बंसानुक्रम |
| 4 | 11 | 08 | सदर बाजार मौ | गानिकचंद्र पुत्र बाबूलाल जैन | शकुन्त की देवी पत्नी गणिकचन्द्र | बंसानुक्रम |
| 5 | 122 | 09 | झण्डउ मौहल्ला मौ | कटोरी बाई पत्नी हरनारायन जाटव | बैजंती देवी पत्नी वेदराम कु | पंजीकृत विक्रय पत्र |
| 6 | 136 | 10 | सदर बाजार मौ | सायरा बेगम पत्नी अनीस खां | अभिलाख पुत्र समबरन नाई | पंजीकृत विक्रय पत्र |
| 7 | 136 | 10 | सदर बाजार मौ | जरीना बानो पत्नी हसन मोहम्मद | रानी पत्नी राकेश नाई | पंजीकृत विक्रय पत्र |
| 8 | प्लाट | 12 | मिलक पट्टी मौ | कृष्णा देवी पत्नी चन्द्रशेखर ब्राहमण विनोद कुमार पुत्र श्री चंद जैन | राकेश पुत्र छटीराम | पंजीकृत विक्रय पत्र |
| 9 | प्लाट | 13 | द्वारिकापुरी मऊ | जिनेन्द्र कुमार पुत्र रामस्वरूप जैन | जानकी प्रसाद पुत्र रामस्वरूप बिजालिया | पंजीकृत विक्रय पत्र |
| 10 | प्लाट | 14 | बी.एस.एन.एल.टॉवर के पास | टीकाराग पुत्र घमंडी कुशवाह | प्रीती पत्नी भगवान सिंह कु. | पंजीकृत विक्रय पत्र |
| 11 | प्लाट | 14 | बेहट रोड मौ | बाबू खां पुत्र अत्तार | सहादत, विरासत पुत्रगण बाबू खां | खसरा डायवर्सन |
| 12 | प्लाट | 14 | बेहट रोड मौ | सरदार स्या पुत्र मोहम्मद स्या | रट्टी शाह, फैली शाह पुत्रगण सरदार शाह | वंशानुक्रप |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद मौ
जिला भिण्ड, म.प्र.

## फ्रेश और तरो-ताजा दिखने के लिए अपनाएं ये ब्यूटी टिप्स



आजकल काम का प्रेशर इतना ज्यादा हो जाता है कि ऐसे में हमरें चेहरे से ही हमारी थकावट के बारे में पता चल जाता है। ऐसे में हमें प्राकृतिक चमक के लिए हमें ज़्यादा से ज़्यादा पानी पीना चाहिए और ताज़ा फल और सब्ज़ियां खानी चाहिए। यह हमारे चेहरे पर अंदर से निखार लाने के लिए सबसे कारगर प्राकृतिक उपाय है।

कई बार कुछ कारणों से हम यह करना भूल जाते हैं और इससे हमारा चेहरा सुस्त और बेजान लगने लगता है। आज हम आपको अपनी थकी हुई त्वचा को फ्रेश और चमकदार बनाने के कुछ आसान उपाय बातएगें। तो आइए जानें ये कौन से उपाय है...



1. ब्लश जब आप थके हुए होते है तो उस समय आपके चेहरे से ही पता चल जाता है कि आप बहुत ही ज्यादा थके है। ऐसे में आपके थके हुए चेहरे में जान लाने के लिए गाल पर रोसी क्रीम ब्लश लगाएं। इससे आपकी थकी हुई आंखों पर से ध्यान हट जाएगा।

2. बरौनी के बाद मस्कारा लगा लें

यह चेहरे को तरोताजा और चमकदार दिखने का सबसे कारगर उपाय है। यह आपकी आंखों को खोल देगा और आपको तरोताज़ा कर देगा। बरौनी को मोड़ने के बाद मस्कारा लगा लें।

3. कंसीलर लगा लें कभी भी पूरे चेहरे पर कंसीलर न लगाएं, सिर्फ थोड़ा सा आंखों के नीचे लगाएं ताकि आप तरोताज़ा लगें। इससे आंखों के नीचे की त्वचा बराबर हो जाएगी और आपकी आंखें बड़ी, फ्रेश लगेंगी।

4. स्क्रब करें

चेहरे को ठन्डे पानी से धोएं और उसके बाद उसे स्क्रब करें। आप ओट्स को स्क्रबर की तरह इस्तमाल कर सकती हैं। इससे डेड सेल हट जाते हैं और आपकी त्वचा गोरी हो जाती है।

5. बर्फ आप अपनी आंखों को बंद करके उन पर बर्फ को 5 मिनट तक रखें। इससे आपकी थके हुई आंखों की सूजन कम हो जाएगी। आप बर्फ को चेहरे पर भी घिसा सकते हैं जिससे आपके चेहरे की सूजन भी कम हो जाएगी।

6. क्रीम को फ्रिज में रखें

आंखों की क्रीम को फ्रिज में रखें और सुबह को इसी क्रीम को आंखों के नीचे लगाएं। इससे आंखों के नीचे की त्वचा कसेगी और सूजन भी कम होगा।

7. मसाज करें आंखों के नीचे और ऊपर क्रीम लगाते हुए त्वचा का मसाज करें। इससे खून का प्रवाह इस क्षेत्र में बढ़ेगा और आंखों की सूजन कम होगी।

# जनप्रतिनिधियों के पत्रों का निर्धारित समय सीमा में जवाब दें अधिकारी: निगम आयुक्त

ग्वालियर। जनप्रतिनिधियों के पत्रों का निर्धारित समय सीमा में जवाब भिजवाना सभी संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें। यह निर्देश निगम आयुक्त अमन वैष्णव ने विभागीय समीक्षा बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में निगम आयुक्त श्री वैष्णव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों के पत्रों का निर्धारित समय सीमा में जवाब भिजवाना सभी संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें। बैठक में स्वच्छता की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त ने कहा कि सभी जोनल मॉनीटर एवं वार्ड मॉनीटर प्रतिदिन सुबह अपने अपने क्षेत्र में निरीक्षण के लिए निकलें तथा स्वच्छता सर्वेक्षण के अनुरूप अपने अपने क्षेत्र की कार्ययोजना तैयार कर आगामी सप्ताह में होने वाली बैठक में कार्य योजना प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी सम्पत्तिकर एवं जलकर वसूली के निर्धारित ेनिगम आयुक्त ने लापरवाह क्षेत्र क्रमांक 12 की क्षेत्राधिकारी सुश्री कृतिका विश्वकर्मा, मदाखलत अधिकारी शैलेन्द्र



चैहान का एक दिवस का वेतन काटने तथा उपयंत्री सुशील साहू पीएचई को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त विजय राज, मुनीश सिंह सिकरवार, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**निगम आयुक्त ने गारंटी अवधि की स?कों पर कराई पेच रिपेयरिंग:** निगम आयुक्त अमन वैष्णव ने आम नागरिकों की सुविधा एवं सुगम यातायात के लिए शहर की स?कों के गड्ढों को दुरुस्त करने के लिए गारंटी अवधि की स?कों पर ठेकेदार द्वारा ही पेंच रिपेयरिंग का कार्य कराने के निर्देश दिए गए थे, जिसके क्रम में विभिन्न गारंटी अवधि की स?कों पर पेच रिपेयरिंग कराई। कार्यपालन यंत्री श्रीकांत कांटे एवं सुशील कटारे ने बताया कि निगम द्वारा गारंटी अवधि की सडकों पर संबंधित ठेकेदार से ही कार्य कराया जा रहा है। जिसमें समाधिया कॉलोनी, जनकगंज, जीवाजी गंज, खासगी बाजार, सागरताल से बहोडापुर, नहरपट्टा रोड, शंकरपुर आदि सडकों पर संबंधित ठेकेदार से कार्य करा दिया गया है। इसके साथ ही शिंदे की छावनी, आमखो, सात नम्बर चौराहे, छः नम्बर चौराहे, गोला का मंदिर सहित अन्य कई क्षेत्रों में पेंच रिपेयरिंग का कार्य कराया गया।

# पुलिस का दोहरा चरित्र

ग्वालियर। ग्वालियर में रविवार को हुये क्रिकेट मैच के दौरान जहां पुलिस ने शाम को स्टेडियम जाने वाले रास्तों पर तीन बजे से सख्ती करना शुरू कर दी। वहीं बहोडापुर से मोतीझील की तरफ जाने वाले यातायात को केवल एक तरफ ही स्टेडियम की तरफ जाने की इजाजत दी थी। लेकिन उसके बाद भी पुलिस कर्मियों ने उक्त यातायात में भारी वाहनों को भी छोडने से स्टेडियम के रास्ते पर जाम की स्थिति निर्मित करा दी। वहीं क्रिकेट मैच की समाप्ति के बाद कहीं भी पुलिस कर्मी नजर नहीं आए और पूरे रास्ते पर वाहनों का जाम देखने को मिला। वहीं जाम से निजात पाने लोग यातायात नगर की गलियों जिसमें बडे बडे गडढे है से निकल कर बहोडापुर की सडक तक पहुंचे। सूत्रों की मानें तो क्रिकेट मैच शुरू होने से पहले तो पुलिस का सख्त रवैया दिखाई दिया। लेकिन उसके बाद पुलिस कर्मी बिना टिकट पास के स्टेडियम में घुस गये और वहीं पर अपनी डयूटी को भूल मैच देखने लगे। इससे हुआ यह कि जब मैच समाप्त हुआ उसके बाद जो जहां से थोडी भी जगह मिली वहीं से निकलने लगा जिससे दोनों ओर सडकों पर जाम लग गया और पुलिस का अता पता नहीं चला। इससे लोग घंटों तक जाम में फंसे रहे। वहीं कुछ लोग यातायात नगर की तरफ से दो से चार फुट के गडढों से निकल कर बहोडापुर की तरफ पहुंचे।

## लोकतंत्र सेनानी स्व. शंभू प्रसाद गुप्ता की राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि

ग्वालियर । लोकतंत्र सेनानी स्व. शंभू प्रसाद गुप्ता का गत रात्रि लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उपनगर ग्वालियर के गदाईपुरा निवासी शंभू प्रसाद गुप्ता जी की पार्थिक देह की चार शहर का नाका स्थित मुक्तिधाम में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई। इस अवसर पर राज्य शासन व जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम नरेन्द्र बाबू यादव ने उनकी पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही जिला पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। स्व. शंभू प्रसाद गुप्ता जी की अंत्येष्टि में लोकतंत्र सेनानी संगठन के राष्ट्रीय सचिव मदन बाथम, संगठन के सीनीयर वाईस प्रेसिडेंट मोहन विटवेकर एवं राजेन्द्र सिंह आर्य आदि मौजूद रहे। संगठन के राष्ट्रीय सचिव श्री बाथम ने कहा कि राज्य सरकार ने आपातकाल-1975 बंदियों को विशेष सम्मान दिया है। इसके लिए संगठन मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति विशेष रूप से आभारी है। ज्ञात हो कि राज्य शासन द्वारा जारी दिवंगत लोकतंत्र सेनानी की राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि एवं अंत्येष्टि के निमित्त दस हजार रूपये की सहायता का प्रावधान किया है।

## उपनगर में अग्रवाल नवयुवक संघ ने रक्तदान शिविर लगाया



ग्वालियर। महाराजा श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत सोमवार को उपनगर ग्वालियर में अग्रवाल नवयुवक संघ द्वारा रक्तदान शिविर एवं आयुष्मान शिविर का आयोजन किया गया। यह रक्तदान शिविर मायाचंद की धर्मशाला फोर्ट रोड में आयोजित किया गया। शिविर में भारतीय रेडक्रास सोसायटी की टीम मौजूद रही। लगभग एक सैंकड़ा से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। अग्रवाल नवयुवक संघ की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में समाज के सभी लोगों ने बड़ चड़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर दीपक अग्रवाल सहित चंद्रप्रकाश अग्रवाल, पारस जैन, हर्ष अग्रवाल, शैलेन्द्र अग्रवाल, रवि अग्रवाल, रामरतन गर्ग, सतीश जैन, डा. रामबाबू अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, अजय अग्रवाल, श्रीमती पूर्णिमा अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, अर्चना जैन, सुधा अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, शशि अग्रवाल आदि ने उपस्थित रहकर सहयोग किया। इस मौके पर रेडक्रास सोसायटी के डा. एसडी शर्मा, सुरेन्द्र कुशवाह, मंगल सिंह गुर्जर, रविन्द्र चौहान, अरूण कुशवाह आदि उपस्थित थे।

## नेता और नौकरशाही रूपी दो पाटों के बीच में जिले की जनता पिसने को मजबूर, किसान सभा।

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे डॉ बेताल सिंह गौड़**

मौ।मध्यप्रदेश किसान सभा के नेताओं ने गोहद बिधान सभा के बिरखडी गांव का दौरा किया। इसमें मध्यप्रदेश किसान सभा के जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण माहौर, जिला महासचिव राजेश शर्मा, जिला सचिव बीरेंद्र सिंह कुशवाह, राजेन्द्र सिंह कुशवाह, उमाशंकर कटारे, नाथूराम माहौर, कन्हैई माहौर आदि मौजूद थे। सभी नेता जब बिरखडी गांव पहुंचे तो किसानों ने बताया कि अति बर्षा की मार तो हम पहिले से झेल ही रहे थे। लेकिन 3 अक्टूबर को सायं 5 बजे के लगभग भीषण तेज आंधी और भारी बारिश हुई जिससे किसान की पकी हुई धान खेतों में गिर गई। अब धान की फसल का सड़ना शुरू हो गया है। लेकिन बड़े दुख की बात है कि शासन प्रशासन का कोई भी नुमाइंदा न तो हमारी फसल देखने आया। और न ही कहीं मुआवजे की चर्चा।यह बिरखडी के किसानों ने किसान नेताओं को बताया मध्यप्रदेश किसान सभा के जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण माहौर एवं महासचिव राजेश शर्मा ने ने संयुक्त रूप से बताया कि मध्यप्रदेश की डबल इंजन वाली भा ज पा सरकार के एजेंडे से किसान और





आम जनता गायब है। यह डबल इंजन वाली सरकारें अडाणी, अम्बानी जैसे पूंजीपतियो के लिए काम कर रही है। दोनों नेताओं ने कहा कि अति बर्षा से ज्वार, बाजरा, तिली, धान की फसलों में बहुत नुक्सान है। अनेक गांवों में शत प्रतिशत नुकसान हैं। अति बर्षा से किसानों के घर गिर गए,पशु धन नष्ट हो गया। सड़कें पुलिया टूट गई। दूसरी तरफ सत्ता में वैठे नेता सत्ता के अंहकार में चूर है। स्वागत सत्कार कराने तक ही यह नेता सीमित रह गए हैं।आम जनता की इनको कोई चिंता नहीं है। दोनों नेताओं ने कहा कि हम और हमारे नेता सैकड़ों गांवों में गए । लेकिन हम लोगों को प्रशासनिक अमला कहीं सर्वे करते हुए नजर नहीं आया। यदि कहीं सर्वे हो भी रहा है तो वह सिर्फ औपचारिकता है। मुआवजा देने का सरकार का कोई मन नहीं है। ???।

दोनों किसान नेताओं ने कहा कि सरकार में बैठे लोग और जिले के जिलाधीश लगातार कह रहे हैं कि खाद की कोई कमी नहीं है। लेकिन हकीकत यह है कि डी ए पी खाद के लिए किसान भटक रहे हैं क्योंकि सरसों बोनी का समय आ गया। लेकिन किसानों को डी ए पी खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा। दोनों नेताओं ने कहा कि सरकार के नेता और नौकरशाही रूपी दो पाटों के बीच में जिले की जनता बुरी तरह पिस रही है। सरकारी बिभाग दुकानों में तब्दील होते जा रहे हैं। नेताओं ने सरकार और उसके प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अति बर्षा से हुऐ नुकसान का जल्दी से जल्दी मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। और किसानों को समय पर डी ए पी खाद उपलब्ध कराया जाय। अन्यथा 21 अक्टूबर को मध्यप्रदेश किसान सभा गोहद एस डी एम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगी।



## भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाने का षड्यंत्रः काजल हिंदुस्तानी

### राष्ट्रोत्थान न्यास की तीन दिवसीय ज्ञान प्रबोधिनी व्याख्यान माला का समापन

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**



ग्वालियर। भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाने का षड्यंत्र चल रहा है। प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया ने भी अपने घोषणा पत्र में भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाने की बात कही थी। यह काम तीन स्तर यानी लव जिहाद, भूमि अतिक्रमण और धर्मांतरण के तहत किया जा रहा है। अगर हम समय रहते नहीं चेते और सिर्फ सरकार के भरोसे ही रहे तो वह दिन दूर नहीं होगा जब यह देश इस्लामिक राष्ट्र बन जाएगा। यह बात पहली बार ग्वालियर आई सामाजिक कार्यकर्ता काजल हिंदुस्तानी ने रविवार को आईआईटीटीएम में आयोजित तीन दिवसीय ज्ञान प्रबोधिनी व्याख्यान माला के अंतिम दिन मुख्य वक्ता की आसंदी से कही। राष्ट्रोत्थान न्यास द्वारा पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होलकर विषय पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योगपति सुमित्रा साहनी ने की। इस अवसर पर न्यास के अध्यक्ष विजय गुप्ता भी मंचासीन रहे। आक्रामक शैली में ग्वालियर में भारत और बांग्लादेश क्रिकेट मैच के विरोध में अपनी बांह पर काली पट्टी बांधे श्रीमती हिंदुस्तानी ने कहा कि कैसे गजवा ए हिन्द के षड्यंत्र के लिए विभिन्न प्रकार के तरीके अपनाए जा रहे हैं। लव जिहाद योजना पूर्वक किया जा रहा है जो हिन्दू समाज को कमजोर करने के लिए किया जा रहा है। यह सब योजना पूर्वक अलग-अलग तरीकों से प्रायोजित किया जा रहा है। चाहे फिल्में हों, चाहे टीवी सीरियल हों या फिर जिम खाने हो। सभी जगह हिंदू बहन-बेटियों को जिहादियों द्वारा झूठे प्रेम जाल में फंसा कर जिहाद का शिकार बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संतान की पहली गुरु मां होती है। इसलिए हम मातृशक्ति इस जिहाद से मुकाबला करने के लिए संकल्प बद्ध हों। यह हिंदू समाज के प्रति हमारा ही दायित्व है क्योंकि परिवार में कैसा माहौल हो यह सुनिश्चित करना महिलाओं के हाथ में होता है। उन्होंने कहा कि अगर हम अपने बच्चे को छत्रपति शिवाजी बनाना चाहते हैं तो पहले हमें जीजा माता बनना होगा। अभी हमारे आदर्श फिल्मी हीरो-हीरोइन हैं और यहीं से लव जिहाद का प्रारंभ होता है। हम सब विभिन्न जाति-पांति में बंटे हुए हैं यही हमारी सबसे बड़ी कमजोरी है। इन सब कमजोरी को दूर करके ही हम हिंदू समाज को ऐसे षड्यंत्रों से बचा सकते हैं। हम सभी को अपनी रक्षात्मक शैली छोड?र आक्रामक शैली अपनाना होगी। कार्यक्रम की प्रस्तावना विजय गुप्ता ने रखी। अतिथि परिचय डॉ.अश्विनी अग्रवाल ने दिया। व्यक्तिगत गीत पारुण बांदिल ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रेक्षा नाईक एवं आभार विनीता जैन ने व्यक्त किया।

**परिजनों के साथ भोजन करने का लिया संकल्प**

इस अवसर पर सुमित्रा साहनी ने सैकड़ों लोगों को पंच परिवर्तन अर्थात सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन शैली व नागरिक कर्त्तव्य के माध्यम से भारत को सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। साथ ही परिजनों के साथ भोजन करने का संकल्प दिलाया।

# पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई का डांग में हुआ आयोजन

**15 लोगों ने जताई आपत्ति**

**दैनिक पुष्पाजलि टुडे**

*गोहद। ग्राम पंचायत डांग में खदान स्वीकृति को लेकर पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई का आयोजन किया गया । जिसमें एसडीएम, तहसीलदार, खनिज अधिकारी पटवारी आदि मौजूद रहे। जिसमें लोगो के विचार जाने गए। डांग की खदान की स्वीकृति मीना आदिवासी निवासी शिवपुरी के नाम हुई है। लेकिन लोगों का कहना था।मीना नाम की महिला कोई है ही नहीं है। मीना नाम की महिला के नाम से फर्जी तरीके से खदान बंटी उर्फ रघुराज गुर्जर ने स्वीकृत कराई है हांलांकि मुख्तार नामा आम में उल्लेख किया गया है कि नियुक्तिकर्ता के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य के नाम से एक खदान सिद्धान्ती मंजूर हुई है जो ग्राम डांग सरकार तहसील गोहद जिला भिण्ड मध्य प्रदेश में है जो कि ग्राम डांग सरकार की शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 854, 855, 856, 857, रकवा 3.990 हेक्टेयर है एवं आदेश कमांक 7825 दिनाक 22/ 06/ 2023 को आदेश आदेश अनुसार मुख्तार नामा आम में नियुक्तिकर्ता अपने अन्य व्यवसाय में अधिक व्यस्त रहने का जिक्र किया गया है जिस कारण उक्त खदान के संचालन करने, देखरेख करने तथा न्यायालय अथवा थाने से सुपुर्दगी में प्राप्त करने के लिये*



*अपने विश्वासपात्र रघुराज सिंह पुत्र परमाल सिंह को अधिकृत किया गया है एवं नियुक्ति करता ने रघुराज सिंह को खदान की देखरेख करने के लिये एवं खनिज विभाग, पुलिस विभाग, भोपाल सिया डीया आदि से सुपुर्दगी लेने देने तथा न्यायालय से अपनी सुपुर्देगी में लेने के लिये तथा संपूर्ण न्यायालयीन कार्यवाही करने के लिये अपनी ओर से अधिकृत किया है। उक्त खदान पर किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में रघुराज सिंह अभिभाषक नियुक्त भी कर सकेंगे तथा अभिभाषक पत्र पर हस्ताक्षर कर सकेंगे दावा, जबाव, अपील निगरानी, तथा निम्न न्यायालय से सर्वोच्च न्यायालय तक संपूर्ण वैधानिक कार्यवाही कर सकेंगे तथा खदान को खनिज विभाग, पुलिस विभाग, भोपाल सिया डीया आदि से तया न्यायालय से अपनी सुपुर्दगी में मेरी ओर से प्राप्त कर सकेंगे।*

***15 आपत्ति हुई दर्ज–*** *सुनवाई के दौरान 11 लोगों ने दावे आपत्ति लगाई वहीं 4 दावे आपत्ति भिंड कार्यालय में मिली है जिसमें कुल 15 दावे आपत्ति दर्ज कराई गई। वहीं कुछ लोगों ने आपत्ति नहीं होना बताया। लोक सुनवाई के दौरान रघुराज गुर्जर उर्फ बंटी ने आपत्ति दर्ज कराते समय लाखन सिंह गुर्जर के साथ से माइक ले लिया। जिसको लेकर मामला बिगड़ता दिखा। तभी अधिकारियों की समझाइश पर मामला शांत हुआ*

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478